दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 23 सितम्बर -2024 | ● वर्षः 8 अंकः 344 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्यः ₹3










# न्यूयॉर्क में पीएम ने लगवाए अबकी बार-मोदी सरकार के नारे

## प्रवासियों से कहा- मैं देश में भटका, जो मिला खा लिया, जहां सोने को मिला सोया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी दौरे के दूसरे दिन रविवार को न्यूयॉर्क में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करे रहे हैं। न्यूयॉर्क के नासाउ वेटरंस कॉलेजियम पहुंचने के बाद हजारों लोगों ने मोदी-मोदी के नारे लगाए। मोदी का स्वागत अमेरिका का राष्ट्रगान फिर भारत के राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद मोदी ने भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, अपना नमस्ते मल्टीनेशनल हो गया, नेशनल से ग्लोबल हो गया। मोदी ने कहा, जब मैं न उट था न ढट था तब इस धरती पर कई सवालों के साथ आता था। किसी पद पर नहीं था तब मैंने अमेरिका के 29 देशों का दौरा किया था। मोदी ने प्रवासियों से कहा, इस बार भारत के चुनाव में कुछ अभूतपूर्व हुआ है।

इसके बाद मोदी ने लोगों की तरफ हाथ उठाया और उनसे 3 बार, अब की बार मोदी सरकार के नारे लगवाए। प्रधानमंत्री मोदी ने अककी नई परिभाषा दी। उन्होंने कहा, एक अकका मतलब है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एक अक का मतलब है- अमेरिकन इंडियन। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मेरे जीवन का एक बहुत बड़ा हिस्सा ऐसा रहा जिसमें मैं सालों साल तक पूरे देश में घूमता रहा, भटकता रहा, जहां खाना मिला, खा लिया जहां सोने का मिला सो लिया, समंदर के किनारे से लेकर पहाड़ों तक रेगिस्तान तक जाना समझा। उन्होंने कहा, अपने देश की संस्कृति, चुनौतियों का फर्स्ट हैंड एक्सपीरियंस लिया। वो भी एक वक्त था जब मैंने दिशा कुछ और तय की थी। नियती ने मुझे राजनीति में पहुंचा दिया। कभी नहीं सोचा था कि सीएम बनूंगा। इससे पहले बाइडेन के साथ बैठक और शामिल हुए। अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात में भारत और अमेरिका के बीच 2 अहम समझौते हुए हैं। अमेरिका की स्पेस फोर्स भारत में सेमीकंडक्टर प्लांट लगाएगी। इसमें बनी सेमीकंडक्टर चिप्स का इस्तेमाल भारत, अमेरिका की आर्मड फोर्सेस करेंगी। इसके अलावा अमेरिका ने भारत को 31 ड्रोन देने की घोषणा की है।

# लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर 2 करोड़ रंगदारी मांगी

## कंस्ट्रक्शन कारोबारी से कहाः मिलकर चलेगा तो फायदे में रहेगा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** खूंखार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई फिलहाल गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। वहीं से ये पूरा गैंग ऑपरेट करता है। गाजियाबाद में एक कंस्ट्रक्शन कारोबारी से लॉरेंस बिश्नोई का नाम लेकर दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई है। कारोबारी को धमकी दी गई कि अगर मिलकर चलेगा तो फायदे में रहेगा। पीड़ित ने इस संबंध में थाना शालीमार गार्डन में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस जांच में पता चला है कि मोबाइल नंबर का कोड पुर्तगाल का है। पुलिस मानकर चल रही है कि आरोपियों ने वर्चुअल नंबर के जरिए ये कॉल की होगी। इस संबंध में वॉट्सऐप से जानकारी मांगी गई है, ताकि आरोपी का क्ढ एड्रेस ट्रेस हो सके।



### 'दो करोड़ रुपए तैयार करो, कल दोगे...'

शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-एक निवासी सुधीर मलिक कंस्ट्रक्शन कारोबारी हैं। सुधीर ने बताया- 20 सितंबर की शाम पौने 7 बजे मेरे मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने पहले नाम पूछा, फिर हाल-चाल पूछा। फिर कहा कि आपके लिए लॉरेंस बिश्नोई का मैसेज है, लो भाई से बात करो। मैंने पूछा कि कौन बोल रहे हो। इस पर कॉलर ने कहा- दो करोड़ रुपए तैयार करो, कल दोगे और इसे मजाक या स्केम ना समझो, कॉल रिकॉर्ड कर लो। मैंने कहा कि भाई आपकी इन्फॉर्मेशन सही नहीं है। मैं बहुत छोटा आदमी हूं।

इतने पैसे मेरे पास नहीं हैं। आप पता कर लो। मैं इतना बड़ा आदमी नहीं हूं। आखिर में कॉलर ने कहा कि मिलकर रहेगा तो फायदे में रहेगा। इतना कहकर उसने कॉल काट दी।

### शालीमार गार्डन थाने में मुकदमा दर्ज

सहायक पुलिस आयुक्त सलोनी अग्रवाल ने कहा- उक्त प्रकरण में थाना शालीमार गार्डन पर मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के खुलासे के लिए साइबर और सर्विलांस टीम का गठन कर दिया गया है। शीघ्र घटना का विधिक अनावरण किया जाएगा।

# जूस प्रकरण के बाद लोनी में हुई सर्व समाज की महापंचायत, विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने भरी हुंकार

## मुख्यमंत्री से भेंट कर रखेंगे पूरा मामला, होगी आर-पार की लड़ाई

### कई हिंदूवादी चेहरे भी रहे महापंचायत में मौजूद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** रविवार को लोनी के टीला शहबाजपुर स्थित मंदिर में हुई महापंचायत के दौरान बड़ी संख्या में हिंदूवादी चेहरे और स्थानीय विधायक के साथ ही आसपास के लोगों ने भी भाग लिया। इस दौरान गाजियाबाद में जूस में यूरिन मिलाए जाने के खिलाफ सर्व समाज ने आवाज उठाई है। जिसमें प्रमुख रूप से लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, साध्वी प्राची, स्वामी दीपांकर, स्वामी यशवीर महाराज सहित कई धार्मिक संगठनों के हिंदूवादी चेहरे पहुंचे थे। महापंचायत में लोगों ने केंद्र सरकार से खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों को मृत्यु दंड देने का कानून बनाने की मांग की है। तो वहीं लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि जिस तरीके से लोनी में यह प्रकरण आया था, अब इसमें आर-पार की लड़ाई होगी। नंदकिशोर गुर्जर ने ऐलान किया है कि वह इस पूरे मामले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट करेंगे और पूरा विषय रखेंगे। साथ ही इस महापंचायत में कई प्रमुख मुद्दों पर भी बातचीत करने के साथ ही प्रस्ताव तैयार किए गए हैं, जिसको लेकर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।



### रखी गई हैं चार प्रमुख मांग, मामला नहीं हुआ है अभी शांत

**करंट क्राइम ।** लोनी में हुई हिंदूवादी संगठनों की महापंचायत में बड़ी संख्या में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और लोनी, गाजियाबाद, दिल्ली आसपास के जिलों के लोग पहुंचे थे। इसमें कई राजनीतिक फेस, तो कई धर्मगुरु और हिंदूवादी चेहरे भी शामिल हुए। सभी ने राय बनाई है कि जेहाद करने वालों के खिलाफ राष्ट्र विरोधी एक्ट के तहत कार्रवाई एवं गिरफ्तारी हों। उनको उम्र कैद और मृत्यु दंड के कानून के दायरे में लाया जाए। साथ ही जिस तरीके से जूस में यूरिन मिलाने, खाना बनाने की दुकानों में थूंके जाने और गंभीर प्रकरण सामने आ रहे हैं, ऐसे वर्ग विशेष को बहिष्कार करने पर रणनीति बनी है। इसके साथ ही महापंचायत में सुप्रीम कोर्ट से मांग की गई है की जनसंख्या नियंत्रण के लिए दो बच्चों को कानून शीघ्रता पूर्ण बनाने के लिए केंद्र सरकार जल्द फैसला ले। इसके लिए प्रधानमंत्री से भी जनसंख्या नियंत्रण कानून देशहित में शीघ्र लाने का अनुरोध किया गया है। वहीं सुप्रीम कोर्ट और प्रधानमंत्री से महापंचायत में मांग की गई है कि सभी को अपने-अपने संस्थानों, दुकानों, होटल, प्रतिष्ठानों पर नाम लिखने के निर्देश दिए जाने चाहिए। इसको लेकर कोई कठोर कानून भी बनाया जाना चाहिए।



### स्वामी दीपांकर से लेकर साध्वी प्रज्ञा ने बुलंद की आवाज

**करंट क्राइम ।** रविवार को लोनी के टीला शाहबाजपुर गांव में हुई महापंचायत में साध्वी प्राची ने तिरुपति वाला मंदिर और राम मंदिर उद्घाटन के अवसर पर वितरित किए गए प्रसाद में मिलावट के मुद्दे पर शंकराचार्य की चुप्पी पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि जब प्रसाद जैसे पवित्र पदार्थ में मिलावट हो रही है तो शंकराचार्य चुप क्यों हैं। वही जिस तरीके से बंगलादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हुए हैं, उसको लेकर भी उन्होंने नाराजगी जाहिर की है। वहीं स्वामी दीपांकर महाराज ने लोगों को शपथ दिलाई है कि एक होकर सनातन धर्म की रक्षा की जाए। हिंदू को जातियों में नहीं बटना चाहिए।

### विधायक नंदकिशोर ने कहा, लोनी को सुरक्षित रखना उनकी जिम्मेदारी

**करंट क्राइम।** इस दौरान लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि हिंदुस्तान के अंदर खाने-पीने की चीजों में मिलावट करने वाले और लोनी क्षेत्र में नफरत फैलाने वालों के खिलाफ वह चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश में योगी की सरकार है। देश में 500 साल तक किसी की हिम्मत नहीं है कि वह हिंदूओं को दबाने का काम करेगा। उन्होंने ने यह भी कहा है कि इस पूरे मामले को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेंगे और दूसरों पर कार्रवाई की मांग भी रखेंगे।

### महापंचायत को लेकर तैनात रहा पुलिस बल, ड्रोन से की गई निगरानी

करंट क्राइम : लोनी में हुई हिंदूवादी नेताओं की महापंचायत के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। साथ ही पीएसी के जवानों की भी तैनाती की गई। किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो और हंगामा न हो इसके लिए ड्रोन से भी पुलिस के अधिकारी नजर रखने का काम कर रहे थे। स्थानीय एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया है की महापंचायत के दौरान कार्यक्रम की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। साथ ही सभी लोगों पर निगरानी रखी गई है।

# किस अनुसूचित भाजपा नेता ने प्रभारी मंत्री के आगे रखा रियलिटी टेस्ट

## कहा-शिकायतों पर ध्यान न दें, दोनों अधिकारी हैं द बेस्ट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में मोर्चा खुल रहा है और यहां एक मोर्चा भाजपा के भीतर खुला है। प्रभारी मंत्री जब आए तो उन्हें कूड़े का ढेर दिखाया गया और नगर निगम के बड़े अधिकारी से लेकर हैल्थ वाले अधिकारी को बेकार बताया गया। सूत्र बताते हैं कि एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गाजियबाद में थे और वो पटेल मार्ग पर भोजन पर आमंत्रित थे और यहीं पर नगर निगम की व्यवस्थाओं को लेकर मोर्चा भाजपा के एक क्रांतिकारी पूर्व पार्षद ने खोला। सूत्र बताते हैं कि अनुसूचित मोर्चा के इन लीडर की बातों को प्रभारी मंत्री ने ध्यान से सुना और जो कुछ उन्होंने बताया उसे कंसीडर भी किया।

बताया जाता है कि भाजपा के एससी मोर्चा के नेता ने निगम का पूरा हाल प्रभारी मंत्री के सामने रखा और जहां तर्क के साथ बताया कि जो स्वास्थ अधिकारी पांच साल से अच्छा वर्क कर रहे थे तो वो अब बेकार कैसे हो गए। जिन निगम अधिकारी की पूरा सदन प्रशंसा करता है जिनकी ईमानदारी और कार्यकुशलता का चर्चा है वो बेकार कैसे हो सकते हैं।

बताया जाता है कि यहां उस शिकायत का जिक्र हुआ जिसमें स्वास्थ्य अधिकारी को रिलीव करने की मांग की गई। नगर आयुक्त को हटाने वाली डिमांड पर भी विस्तार से बताया गया। सूत्र बताते हैं कि जहां भाजपा के अनुसूचित नेता ने जो कुछ कहा उसे प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने बहुत ध्यान से सुना। यहां पर भाजपा नेता ने ये बात भी रखी कि हमें समस्या का समाधान कराना है ना कि एक अधिकारी से दूसरे अधिकारी को बदलना है। प्रभारी मंत्री को बताया गया कि कूड़ा डंप करने के लिये अगर गालंद पर विवाद है तो फिर दूसरी जगह व्यवस्था क्यों नहीं कराई जाती। बताय जाता है कि इस दौरान भाजपा लीडर ने साफ कह दिया कि मैने पूरा रियलटी टेस्ट आपके सामने रखा है और दोनों अधिकारी बेस्ट हैं। समस्या की जड़ जहां है उसका इलाज होना चाहिए।

# हाउस टैक्स को लेकर समझ से बाहर हो रही है भाजपा वालों की डीलिंग

## कांग्रेस, सपा, बसपा खामोश और भाजपाई करा रहे विपक्ष वाली फीलिंग

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** डीएम सर्किल रेट पर हाउस टैक्स के प्रस्ताव को लेकर भाजपा के जनप्रतिनिधि और सरकार के अधिकारी आमने-सामने आ गए हैं। भाजपाई खेमा इस बात पर जोर दे रहा है कि वो डीएम सर्किल रेट पर बढ़ा हुआ हाउस टैक्स लागू नहीं होने देंगे। फूल वाले रूल बता रहे हैं कि 2025 से पहले टैक्स नहीं बढ़ाया जा सकता। निगम अधिकारी शासन की मंशा बता रहे हैं और इन सब के बीच में जिस विपक्ष को मोर्चा खोलना है वो विपक्ष खामोश है। हाउस टैक्स बढ़े या घटे, लेकिन कांग्रेस कुछ नहीं बोल रही है। समाजवादी पार्टी के नेता हाउस टैक्स को लेकर साइलेंट मोड पर है और बसपा तो कभी भी जन मुद्दों को लेकर मैदान में आती ही नहीं। जिस विपक्ष को इस मुद्दे पर रोष में आना है वो विपक्ष पूर तरह खामोश है और जिस भाजपा की सरकार है उसके जनप्रतिनिधियों की ही इस मुद्दे पर अधिकारियों से सबसे ज्यादा तकरार है। भाजपा के मेयर, भाजपा के सांसद, भाजपा के पार्षद, भाजपा के विधाय और यहां तक की संगठन के पदाधिकारियों ने भी हाउस टैक्स के विरोध में मोर्चा खोला है। कहने वाले यही कह रहे हैं कि भाजपा विपक्ष के जिम्मे कोई काम नहीं छोड़ना चाहती। वो ई-रिक्शा चालकों को लेकर अधिकारी के पास है तो वो टैक्स के मुद्दों को लेकर शहर की जनता के साथ है और भाजपाई विपक्ष वाली फीलिंग करा रहे हैं।






### जब तुम्हारा है निजाम तो फिर क्यों करना पड़ रहा है इतना संग्राम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा की सरकार है और लगातार दूसरी बार योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने। पूर्ण बहुमत में सरकार है और अगर बात गाजियाबाद की करें तो यहां पूरा जिला ही भगवा है। लोकसभा सांसद भाजपा के हैं। मुरादनगर, लोनी, साहिबाबाद, मोदीनगर, धौलाना विधानसभाओं में भाजपा के विधायक हैं। राज्यमंत्री मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप भाजपा से हैं, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भाजपा से हैं, एमएलसी दिनेश गोयल भाजपा से हैं, मेयर सुनीता दयाल भाजपा से हैं, नगर निगम के 100 पार्षदों वाले सदन में 75 पार्षद भाजपा के हैं। सवाल यही है जब सूबे से लेकर मोहल्ले के वार्ड तक निजाम भाजपा का है तो फिर इतना संग्राम क्यों करना पड़ रहा है। भाजपा का बोलबाला है और उसे जनता के मुद्दे पर लड़ाई लड़नी पड़ रही है। अगर अपनी सरकार में भी जनप्रतिनिधियों की जन मुद्दों को लेकर अधिकारियों से तकरार हो रही है तो फिर जनता के जनादेश का मतलब क्या है। फिर सरकार के होने का मतलब क्या है। फिर सत्ता का होने का मतलब क्या है।

### मेयर को करनी पड़ी अपील और सांसद ने दी बधाई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरकार भाजपा की और अधिकारी ने डीएम सर्किल रेट पर हाउस टैक्स बढ़ाया। मेयर ने विरोध जताया और इधर अधिकारियों ने हाउस टैक्स वसूली के नोटिस को घर-घर भिजवाया। सरकार के अधिकारी कह रहे हैं कि हाउस टैक्स देना होगा और सत्ताधारी दल भाजपा की मेयर ने जनता से अपील की कि वह हाउस टैक्स जमा न करें। मेयर ने कहा टैक्स ना दें और मेयर की इस फैसले की तारीफ लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने की और उन्हें बधाई दी। सभी विधायक हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में हैं। ऐसा क्या है एक अधिकारी के फैसले को लेकर भाजपा के जनप्रतिनिधियों को संघर्ष करना पड़ रहा है। जिनकी सरकार है वो संघर्ष कर रहे हैं। गजब शहर की अजब कहानी हो रही है।

### शासन की मंशा से दोनों ही पक्ष चल रहे हैं अनिभिज्ञ

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अधिकारियों के पास एक शब्द होता है शासन की मंशा के अनुरूप। ये वो मंशा है जिसका लिखित में जिक्र नहीं होता और इसकी फिक्र हर अधिकारी करता है। निगम के अधिकारी भी करते हैं, प्रशासन के अधिकारी भी करते हैं। हाउस टैक्स में वृद्धि को लेकर शासन की मंशा का पता ही नहीं चल रहा है। शासन की मंशा शायद अंधेरे में है। अगर शासन की मंशा का पता चल जाये तो दोनों पक्ष सहूलियत में रहेंगे। टैक्स बढ़ा देना या घटा देना शासन के हाथ में होता है।

# भाजपा ने अनुसूचित जातियों, जनजातियों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सशक्त बनाया है : असीम अरुण









**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार 22 सितंबर को गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र के पटेल नगर में स्थित एक बैंकेट हॉल में बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चे का भव्य सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मंत्री असीम अरुण ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया। इनके साथ मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। मुख्य अतिथि असीम अरुण ने अपने संबोधन में कहा आपके एक वोट और आपकी सदस्यता के लिए एक मिस कॉल की ताकत से ही पूरी दुनिया में भारत का डंका बजा। अब संगठित होकर सदस्यता मिशन 2024 में भाजपा नए सदस्य बनाने की मुहिम में आपको अपनी और डोर टू डोर जाकर सदस्यता करानी है। 2014 से मोदी सरकार और 2017 से योगी सरकार ने विकसित भारत के संकल्प के साथ गाजियाबाद को भी विकासशील शहरों में पंक्ति में पहुंचाने का काम किया है। सम्मेलन में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि असीम अरुण ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ सबका विकास दृष्टिकोण ने प्रत्येक भारतीय, विशेष रूप से अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सशक्त बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एससी एसटी वर्गों के आर्थिक उत्थान के लिए मुद्रा और स्टैण्ड अप योजना द्वारा आर्थिक सहायता उपलब्ध की। मुद्रा योजना में 12 करोड़ से ज्यादा लोन स्वीकृत हुए और स्टैण्ड अप इंडिया में 2.5 लाख से अधिक एससी एसटी और महिला उद्यमियों के सशक्तिकरण का प्रयास किया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया ने भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार द्वारा अनुसुचित जाति वर्ग के हित में किये गये विकास कार्यों की चर्चा की।

सांसद अतुल गर्ग बोले कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रति कांग्रेस का जो व्यवहार रहा है, वह बताता है कि कांग्रेस के दिल में उनके प्रति कभी कोई सम्मान नहीं रहा। जबकि भारतीय जनता पार्टी हमेशा बाबा साहेब के सम्मान के लिए खड़ी रही है। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि हमें बाबा साहेब के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुँचाना है। एससी एसटी समाज के लोगों को सरकार की लाभार्थी योजनाओं से जोड़ना है। जिसके लिए कार्यकताओं को आगे आना है। इस अवसर पर सभी मंचासीन अतिथियों ने मोर्चा सममेलन में आए सभी कार्यकताओं से मोदी और योगी सरकार के विकास कार्यों की चर्चा की। भाजपा महानगर अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवं अनुसूचित जाति मोर्चे के सभी कार्यकताओं का धन्यवाद प्रकट किया और शानदार आयोजनके लिए अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष अनिल कल्याणी को टीम सहित बधाई दी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व डिप्टी में राजेश्वर प्रसाद, महामंत्री सुशील गौतम, गोपाल अग्रवाल, चेयरमैन मोदी नगर विनोद वैशाली, जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा प्रदीप गहलोत, अशोक संत सदस्य राष्ट्रीय कार्यसमिति अनुसूचित मोर्चा, क्षेत्रीय महामंत्री प्रदीप चौहान, ब्रजेश्वर निम्मी, मनबीर पारचा, शांत प्रकाश जाटव, मोर्चा महानगर अध्यक्ष अनिल कल्याणी, मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन गहलोत, पार्षद राजेंद्र तितोतिया, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, राजचरण, जोगिंदर जाटव, राजेश जाटव, नीरज वाल्मीकि, सिकंदर सूद, सोनू धीगान, सुनील गौतम, तुषार टांक, कर्मवीर धीगान, वीरेंद्र वाल्मीकि, रवि मेवाती, अरुण मेहरा आदि मौजूद रहे।

# प्रताप विहार में जीएसटी की रेड कई घंटों से चल रही है तलाशी

## वेव सिटी ग्रुप से जमा करवाए थे 6.21 करोड़ रुपए



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के थाना विजयनगर स्थित प्रताप विहार में एक शख्स के यहां जीएसटी की रेड चल रही है। हालांकि जीएसटी अधिकारियों ने अभी मीडिया से बात करने से मना कर दिया है लेकिन मिली जानकारी के मुताबिक, रेड करने आई टीम शख्स की कंपनियों के कागजात खंगाल रही है। वहीं गाजियाबाद नोएडा और मुरादाबाद में वेव सिटी बिल्डर की 2 फर्म में खामी पाए जाने पर 6.21 करोड़ रुपए जीएसटी टीम ने जमा भी कराए थे।

प्रताप विहार स्थित भावराव देवरस कॉलोनी सेक्टर-12 के फ्लैट नंबर 333 में जोगेश्वर मिश्रा रहते हैं। मूल रूप से जोगेश्वर मिश्रा बिहार के रहने वाले हैं। जीएसटी की कई टीम रविवार की सुबह से उनके यहां तलाशी का काम कर रही हैं। फिलहाल जीएसटी अधिकारियों ने किसी तरीके की जानकारी देने से मना कर दिया है।

जीएसटी अकाउंट में गड़बड़ी पाई गई लेकिन पता चला है कि जोगेश्वर मिश्रा के जीएसटी अकाउंट में गड़बड़ी पाई जाने के बाद जीएसटी की टीम यहां उनके कागजों को खंगाल रही है। वहीं जीएसटी की एक बड़ी कार्रवाई में वेव सिटी ग्रुप से जुड़ी दो फार्मो के गाजियाबाद नोएडा मुरादाबाद स्थित आठ ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। जहां जीएसटी चोरी का खुलासा हुआ था। 20 सितंबर की सुबह शुरू हुए सर्च अभियान को 24 घंटे तक जारी रखा गया था। उसके बाद जीएसटी की हेरा फेरी के आधार पर 6.21 करोड रुपए की धनराशि जमा कराई गई थी।

# चित्रकूट मंडल के आध्यात्मिक व पर्यटक स्थलों के विकास पर यूपी सरकार का जोर



**लखनऊ।** चित्रकूट मंडल के जिलों में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं को गति दिए जाने की रूपरेखा तैयार है। प्रसिद्ध रामघाट के सौंदर्यीकरण, विकास व चौड़ीकरण की प्रक्रिया को 18.30 करोड़ की लागत से किया पूरा जाएगा। उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार का प्रदेश में पर्यटन विकास पर सर्वाधिक जोर है। ऐसे में, पर्यटन के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश के मोस्ट फेवर्ड डेस्टिनेशन के तौर पर स्थापित हो रहा है।

प्रदेश देश तथा विदेश के सैलानियों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और इस प्रक्रिया में और बढ़ोत्तरी हो इसलिए योगी सरकार द्वारा विभिन्न मंडलों में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में, चित्रकूट मंडल के जिलों में भी पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख विकास व निर्माण कार्यों को गति देने की रूपरेखा तय कर ली गई है। परियोजना के अंतर्गत चित्रकूट के प्रसिद्ध रामघाट के सौंदर्यीकरण, विकास व चौड़ीकरण की प्रक्रिया को 18.30 करोड़ की लागत से पूरा किए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। महोबा में सालट फोर्ट के समीप पार्किंग व

### सांस्कृतिक व शहरी कायाकल्प की मिसाल बनेगा रामघाट का सौंदर्यीकरण

सीएम योगी के विजन अनुसार, चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के किनारे स्थित रामघाट पर बड़े स्तर पर सौंदर्यीकरण प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। यह कार्य इस प्रकार होगा कि यह सांस्कृतिक व शहरी कायाकल्प की मिसाल पेश करेगा। मान्यता है कि यह वही स्थल है जहां गोस्वामी तुलसीदास जी को प्रभु श्रीराम के दर्शन हुए थे। ऐसे में, इस स्थल की आध्यात्मिक व ऐतिहासिक महत्व को संरक्षित करते हुए उसे मॉडर्न सिविक एमेनिटीज से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परियोजना के अंतर्गत रामघाट पर 18.30 करोड़ रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण, चौड़ीकरण संपर्क मार्ग के सुधार व विस्तारीकरण व पर्यटक सुविधाओं के निर्माण व विकास प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इस कार्य को वर्षा अवधि के अतिरिक्त 2 वर्षों की समयावधि में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर समेत विभिन्न परियोजनाओं पर होगा काम

परियोजना के अंतर्गत चित्रकूट के लालापुर व बांदा में कलिंजर फोर्ट के समीप टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर तथा महोबा में सालट फोर्ट के समीप पार्किंग व टूरिस्ट फैसिलिटीज को बढ़ाने पर भी काम किया जाएगा। लालापुर में टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर संबंधी कार्यों को 7.01 करोड़ की लागत से जबकि व बांदा में कलिंजर फोर्ट के समीप 3.83 करोड़ रुपए की लागत से कार्यों को पूरा किया जाएगा।

टूरिस्ट फैसिलिटीज को बढ़ाने पर भी काम किया जाएगा।

# ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज में 'अमृतकाल में सहभागिता' कार्यक्रम आयोजित

## कार्यक्रम का उद्देश्य है कि चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जनता की जागरूकता बढ़ाना : असीम अरुण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद के ऑडिटोरियम में राज्यमंत्री (स्व.प्र.) / प्रभारी मंत्री, गाज़ियाबाद मुख्य अतिथि असीम अरुण की उपस्थिति में 'अमृतकाल में सहभागिता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्व.प्र.), समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार / प्रभारी मंत्री, गाज़ियाबाद ने प्रदेश सरकार के माध्यम से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं विशेषतया शिक्षा के अवसरों एवं अभ्युदय, छात्रवृत्ति इत्यादि के विषय में जागरूक किया।

कार्यक्रम में पी.के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, स.क. मेरठ मण्डल, मेरठ द्वारा 'सफलता की कुंजी' के अन्तर्गत विभागीय कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यकम में समाज कल्याण विभाग, उद्योग विभाग, कौशल विकास, राजकीय आजीविका मिशन, महिला कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्रणी बैंक और डिक्की द्वारा स्टाल के माध्यम से उनके विभागान्तर्गत संचालित योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया।

कार्यकम में भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, ब्लाक प्रमुख भोजपुर, सुचेता सिंह, डीआईसीसीआई के अध्यक्ष कुंवर शशांक, यू.पी. सिडको के अधिशासी अभियन्ता डी.के गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी, गाजियबाद, अमर जीत सिंह सहित, ए.बी.ई.एस. कॉलेज के चेयरमैन नीरज गोयल व स्थानीय शिक्षाविद्/प्रबुद्धवर्ग एवं युवा जनशक्ति की उपस्थिति रही। कार्यकम में प्रभारी मंत्री ने छात्र/छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया।






### 2047 तक देश को विकासशील रहने देना है या विकसित देश बनाना है यह हम सभी के हाथों में है : असीम अरुण

राज्यमंत्री / प्रभारी मंत्री, गाज़ियाबाद ने बताया कि आज हम आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 75 वर्ष पूर्व कर चुके हैं। वर्ष 2047 में जब हम आजादी के 100 वर्ष पर होंगे तब हमारा देश विकासशील देश होगा या विकसित देश होगा, ये हमें तय करना है। हमारे आगामी 25 वर्षों को पीएम नरेंद्र मोदी ने 'अमृत काल' के रूप में परिभाषित कर हमें आह्वान किया है कि हम सब देश के विकास में अपना योगदान दें। प्रभारी मंत्री ने अपने उद्बोधन में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हम आजादी के अमृतकाल में रह रहे हैं। इस अमृत काल में हम जो निर्णय लेंगे, हमारे कर्म और बलिदान, वही अगले एक हजार सालों के लिए हमारी दिशा तय करेंगे, यही हमारा भाग्य लिखने जा रहे हैं।

### यह नया भारत है, ये आत्मविश्वास से भरा भारत है : सांसद अतुल गर्ग

सांसद अतुल गर्ग, गाज़ियाबाद ने बताया कि यह नया भारत है, ये आत्मविश्वास से भरा भारत है। ये भारत अपने संकल्पों को सिद्ध करने के लिए परिश्रम कर रहा है। इसलिए ये भारत रुकता नहीं, थमता नहीं और ये भारत हार नहीं मानता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का दृढ़ विश्वास है कि भारत 2047 में एक विकसित देश के रूप में उभरेगा। सरकार का लक्ष्य अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और लोगों को सशक्त बनाना व भारत को एक विकसित देश बनाना है।

### देश अब बदल रहा है, देश के युवा क्षमतावान हैं : अभिनव गोपाल

अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी, गाज़ियाबाद ने राज्यमंत्री (स्व.प्र.), समाज कल्याण, उ.प्र सरकार/प्रभारी मंत्री, गाज़ियाबाद का स्वागत करते हुए कहा गया कि भारत एक कृषि प्रधान देश है पर देश अब बदल रहा है। देश के युवा क्षमतावान हैं। वो अपने हुनर को तराशने और स्वयं के लक्ष्य प्राप्त करने में आत्मविश्वास से परिपूर्ण हैं।

# नौशेरा में शाह, जम्मू में नड्डा तो पुंछ में राजनाथ बरसे



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव अभियान को धार देने के लिए रविवार को भाजपा ने ताबड़तोड़ चुनावी रैलियां की। नौशेरा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तो पुंछ में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और बरनई में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा घगवाल, सांबा विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी सुरजीत सिंह सलाथिया के समर्थन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जनसभा की। नौशेरा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आतंक को पाताल में दफन करेंगे। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर का अधिकार को छीना है। अगर गोली चली तो जवाब गोले से देंगे। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) पर हमला बोलते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जब पहाड़ियों को आरक्षण दिया गया तो फारूक अब्दुल्ला ने यहां के गुर्जर भाइयों को उकसाना शुरू किया कि आपका आरक्षण चला जाएगा।

### कांग्रेस-नेकां गठबंधन पर जमकर बोला हमला

कांग्रेस-नेकां गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि आज जम्मू कश्मीर में हमारा तिरंगा शान से लहरा रहा है, लेकिन कांग्रेस, नेकां वाले कहते हैं कि हम शेख अब्दुल्ला वाला ध्वज वापस लाना चाहते हैं। फारूक साहब, जितना जोर लगाना है लगा लो, लेकिन अब कश्मीर में सिर्फ हमारा प्यारा तिरंगा ही लहराएगा।

### पुंछ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चुनावी सभा को संबोधित किया

पुंछ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद चुनाव हो रहे हैं। सभी की नजरें इस चुनाव पर हैं। जम्मू-कश्मीर में 58 फीसदी से ज्यादा वोटिंग हुई है और लद्दाख में 82 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई। ये जम्मू-कश्मीर के लिए बदलाव का बड़ा संकेत है।

### बरनई में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की रैली

बरनई में केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम-किसान के तहत किसानों को सालाना मिलने वाली 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता को बढ़ाकर 10,000 रुपये करेंगे। पंडित प्रेमनाथ डोगरा योजना के तहत हम 5 लाख युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करके देंगे।

# कैसे संदेह के घेरे में आया तिरुपति का प्रसाद? देशभर के मंदिरों में बरती जा रही सर्तकता



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर के प्रसाद (लड्डू) में जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल होने की बात सामने आने के बाद पूरे देश में बवाल मचा हुआ है। इस मामले को लेकर हर कोई सवाल उठा रहा है। आरोप लगाया जा रहा है कि प्रसाद में मिलावट कर हिंदुओं की आस्था से छेड़छाड़ की गई है। रिपोर्ट में जब इस बात का खुलासा हुआ, तो लोग हैरान हैं कि आखिर ये आग लगी कहां से, कैसे पता चला कि लड्डू में चर्बी वाला घी मिलाया जा रहा है। आइए जानते हैं कि ये मामला कब और कैसे सामने आया।

जब भी आप किसी मंदिर में जाते हैं और प्रसाद खाते हैं, तो आप उसकी शुद्धता के बारे में सोचते होंगे। देश भर के लाखों हिंदू खुद से यही सवाल पूछ रहे हैं कि तिरुपति बालाजी मंदिर में हुई चौंकाने वाली घटना कैसे सामने आई।

# स्वतंत्रता दिवस पर उल्फा-आई की असम को दहलाने की थी नापाक साजिश, अब तीन महिलाओं समेत 15 दबोचे गए



**असम।** असम पुलिस के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी प्रणबज्योति गोस्वामी ने बताया कि बल ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी की तकनीकी सहायता से राज्य के विभिन्न हिस्सों में अभियान को अंजाम दिया। असम में प्रतिबंधित संगठन उल्फा-आई ने 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राज्य में 24 स्थानों पर बम लगाने का दावा किया था। बम की खबर मिलने के बाद राज्य में हड़कंप मच गया था। असम पुलिस ने अब इस मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने तीन महिलाओं समेत कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### बड़ी कामयाबी हाथ लगी : गोस्वामी

असम पुलिस के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी प्रणबज्योति गोस्वामी ने बताया कि बल ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की तकनीकी सहायता से राज्य के विभिन्न हिस्सों में अभियान को अंजाम दिया। उन्होंने आगे कहा कि इस संयुक्त छापेमारी से बड़ी कामयाबी हाथ लगी और शनिवार रात को तीन महिलाओं समेत 15 लोगों पर शिकंजा कसा गया।

### पूछताछ के बाद साजिश के बारे में और मिलेगी जानकारी : पुलिस

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान आईईडी जैसी सामग्री लगाए जाने की जांच में इसे एक बड़ी सफलता करार देते हुए असम पुलिस ने कहा कि एनआईए के साथ समन्वय में लंबे समय तक खुफिया जानकारी जुटाने के बाद छापे मारे गए। पुलिस ने आगे कहा कि पकड़े गए व्यक्तियों से प्रारंभिक पूछताछ के बाद अपराध सिद्ध करने वाले तथ्य सामने आए हैं। लंबी पूछताछ के बाद साजिश के बारे में और अधिक जानकारी मिलने की उम्मीद है।

### यहां से किए गए गिरफ्तार

गोस्वामी ने कहा कि डिब्रूगढ़ और लखीमपुर जिलों से तीन-तीन, जोरहाट और गुवाहाटी से दो-दो और तिनसुकिया, सादिया, नगांव, नलबाड़ी और तामुलपुर से एक-एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

### पांच लाख रुपये का किया था एलान

इससे पहले, शिवसागर जिले से चार लोगों को इस मामले में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वहीं, पुलिस ने मामले में शामिल लोगों की पहचान करने वाली विश्वसनीय जानकारी के लिए पांच लाख रुपये तक के नकद इनाम की घोषणा की थी। पुलिस ने लखीमपुर में पूछताछ के लिए एक नाबालिग को गिरफ्तार किया।

### विफलता के कारण नहीं फटे थे विस्फोटक

यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा-इंडिपेंडेंट) की ओर से मीडिया घरानों को एक ईमेल भेजा गया था। इसमें आतंकी संगठन ने कहा था कि विस्फोट 15 अगस्त को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच होने थे, लेकिन बम तकनीकी विफलता के कारण नहीं फटे। इसने 19 विस्फोटों की सही जगह की पहचान करने वाली एक सूची दी थी। साथ ही कहा था कि पांच और विस्फोटकों के स्थानों का पता नहीं लगाया जा सका है। अधिकारी ने बमों को निष्क्रिय करने में जनता का सहयोग मांगा था। गुवाहाटी में दो आईईडी जैसे उपकरण बरामद किए गए थे। वहीं, असम में बम जैसे कुल 10 पदार्थ जब्त किए गए थे।

# साजिश : प्रयागराज, कानपुर रेल ट्रैक पर मिला सिलिंडर, चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी गाड़ी




**प्रयागराज।** दिल्ली-हावड़ा रूट पर ट्रेन को पलटाने की साजिश नाकाम हो गई है। कानपुर जिले के प्रेमपुर स्टेशन के पास रेलवे ट्रैन पर छोटा सिलिंडर पड़ा मिला। मालगाड़ी के चालक ने तत्परता दिखाते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी रोक दी। इससे बड़ा हादसा होते-होते बच गया। घटना की जानकारी मिलने पर तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। घटना की छानबीन की जा रही है। ट्रेन पर लोको पायलट देव आनंद गुप्ता एवं सहायक लोको पायलट सीबी सिंह ने सिग्नल से कुछ दूर पहले रेल ट्रैक पर एक सिलिंडर रखा हुआ देखा। दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग के प्रयागराज कानपुर रेल खंड पर रविवार की सुबह रेल ट्रैक पर सिलिंडर मिलने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि उस ट्रैक से गुजर रही एक मालगाड़ी के लोको पायलट ने गैस सिलिंडर को दूर से ही देख लिया। उसने सजगता दिखाते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर मालगाड़ी रोकी, और कंट्रोल रूम को इसकी सूचना दी। मामला रविवार सुबह तकरीबन 6:00 बजे के आसपास प्रेमपुर रेलवे स्टेशन के निकट का है। जेटीटीएन मालगाड़ी कानपुर से प्रयागराज की ओर आ रही थी। जब प्रेमपुर स्टेशन पर लूप लाइन पर आ रही थी तो गाड़ी में तैनात लोको पायलट देव आनंद गुप्ता एवं सहायक लोको पायलट सी बी सिंह ने सिग्नल से कुछ दूर पहले रेल ट्रैक पर एक गैस सिलिंडर रखा हुआ देखा।

### रेलवे ट्रैक के पास मिलीं बीयर की खाली बोतलें

जिस स्थान पर रेलवे ट्रैक पर सिलिंडर मिला है उसके पास बीयर की दो खाली बोतलें भी मिली हैं। आशंका जाहिर की जा रही है कि नशेड़ियों ने बीयर पीने के बाद शरारत की है। फिलहाल पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

### प्रयागराज में भी ट्रेन पलटाने की थी साजिश

इसी तरह बीतीरात प्रयागराज के करछना में फ्रेट कॉरिडोर पर शरारती तत्वों ने रेलवे ट्रैक पर पत्थर रख दिया। मालगाड़ी से यह पत्थर टकरा भी गया। लोको पायलट ने घटना सूचना अफसरों को दी तो छिवकी की आरपीएफ टीम मौके पर पहुंची। वहां आरपीएफ को तकरीबन तीन किग्रा का पत्थर मिला। दो दिन पहले बिलासपुर रोड रुद्रपुर सिटी स्टेशन के 43/10-11 रेलवे लाइन पर टेलीकॉम का पुराना लोहे का 7 मीटर लंबा खंभा रेलवे ट्रैक पर रखा पाया गया था। गनीमत रही कि उसे समय रहते देख लिया गया।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। सोमवार 23 सितम्बर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित









# गड्ढा 'मुक्त' नहीं गड्ढा 'युक्त' हुईं गाजियाबाद की सड़कें

## मुख्य मार्गों से लेकर शहर की आंतरिक सड़कें भी हुईं बारिश के बाद खस्ताहाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के दावे करते हैं। तो अधिकारी समीक्षा बैठक में गड्ढों को जल्द से जल्द भरे जाने की घोषणा करते हैं। बीते दिनों गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने भी गाजियाबाद का दौरा किया लेकिन शहरभर की सड़के गड्ढा मुक्त नहीं युक्त होती नजर आ रही हैं। बीते दिनों हुई बारिश का भी असर है कि सड़क बुरी तरीके से खस्ताहाल और क्षतिग्रस्त हो गई हैं। टूटी सड़कों पर जगह-जगह पानी भर जाता है और जलभराव के बाद सड़कों पर कीचड़ और टूटी सड़क आमजन के लिए परेशानी का सबब बन रही हैं। टूटी सड़क जहां हादसों को न्यौता दे रही है। तो वहीं वाहनों का मेंटेनेंस भी बढ़ रहा है। नगर निगम के साथ ही पीडब्ल्यूडी सहित अन्य सरकारी विभाग सड़कों की मरम्मत पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके चलते आलम यह है कि गाजियाबाद की सड़क समतल कम और टूटी अधिक नजर आती हैं। टूटी सड़कों की वजह से जहां रफ्तार पर ब्रेक लगता है। तो वहीं लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। साथ ही दोपहिया और चारपाहिया वाहन चालक बारिश के दिनों में हादसे का भी शिकार हो रहे हैं। अधिकारियों को टूटी सड़क पर ध्यान देना चाहिए और शासन की मंशा के अनुरूप शहर में काम नजर आना चाहिए, लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। बता दें कि रविवार को दैनिक करंट क्राइम की टीम ने शहर के कई प्रमुख इलाकों का दौरा किया। जहां की सड़क टूटी और खस्ता हाल स्थिति में मिली है। दैनिक करंट क्राइम उम्मीद करता है कि अलग-अलग अधिकारी टूटी सड़कों के मामले का संज्ञान लेंगे और जल्द उनकी मरम्मत और सुधार कार्य कराए जाएंगे।

### बुलंदशहर औद्योगिक रोड पर पैदल चलना मुश्किल

करंट क्राइम : कवि नगर इलाके और नेशनल हाईवे से लगा हुआ बुलंदशहर औद्योगिक क्षेत्र इन दिनों टूटी सड़कों की वजह से पहचान बना रहा है। जगह-जगह सड़क पर गड्ढे हो गए हैं। साथ ही टूटी सड़क पर पानी भरने से यहां आस-पास के लोग परेशान रहते हैं। व्यापारियों को तो दिक्कत आती ही आती है। वहीं जो ट्रक माल लेकर यहां बुलंदशहर औद्योगिक क्षेत्र आते हैं, उनको भी डर रहता है कि कहीं वह किसी हादसे का शिकार ना हो जाएं। आसपास के लोग बताते हैं कि इंडस्ट्रियल एरिया होने की वजह से यहां बड़ी संख्या में बड़े ट्रकों की आवाजाही रहती है। कई बार ओवरलोड ट्रक भी रहते हैं, जिस वजह से सड़क जल्दी टूट जाती है लेकिन इस ओर अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं। आलम यह है कि सड़क बारिश में बदहाल हो चुकी हैं। गड्ढा मुक्त अभियान नजर नहीं आ रहा है।




### डीएलएफ कॉलोनी की रोड पर कब होगा सुधार कार्य

करंट क्राइम : दिल्ली बॉर्डर से लगा हुआ डीएलएफ कॉलोनी का इलाका है लेकिन यहां की सड़क दिल्ली से अलग नजर आती हैं। प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायक और अधिकारी गड्ढा मुक्त सड़कों का दावा करते हैं लेकिन गाजियाबाद की स्थिति अलग नजर आती है। यहां सड़के गड्ढा युक्त अधिक दिखाई दे रही हैं। बीते दिनों अधिकारियों द्वारा सड़क को ठीक कराने और गड्ढों को भरने का अल्टीमेट भी दिया गया था लेकिन आई बारिश के बाद ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। उधर बारिश के बाद भी सड़कों पर सुधार कार्य नहीं हुआ है और खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है। टूटी सड़क से उनका आवागमन हो रहा है। जिससे उनके वाहनों का मेंटेनेंस बिगड़ने के साथ ही हादसों का भी डर बना रहता है। बच्चों और बुजुर्गों को भी टूटी सड़कों पर आने-जाने में परेशानी होती है। आमजन को टूटी सड़क के चलते हादसा होने का डर भी बना रहता है।




### गोविंदपुरम सीएनजी पंप रोड से लोगों ने बदला रास्ता

करंट क्राइम : गोविंदपुरम सीएनजी पंप मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्थानीय लोग आते जाते हैं लेकिन टूटी सड़क को लेकर कोई जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहा है। लंबे समय से यहां की सड़क टूटी हुई है। टूटी सड़क से वाहनों के चालकों को निकालने में परेशानी होती है। तो वहीं टूटी सड़क की वजह से तमाम लोगों ने इस मार्ग से आना-जाना बंद कर दिया है। अब आलम यह है कि सड़क का आधे से अधिक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिसकी वजह से लोगों को परेशानी होती है, वह शॉर्टकट रास्ता होने के बावजूद वैकल्पिक रास्तों का प्रयोग करते हुए अपने गंतव्य और घरों को प्रस्थान करते हैं लेकिन अभी तक ना इस ओर विभाग के अधिकारियों का ध्यान दिया है, ना किसी जनप्रतिनिधि ने गोविंदपुरम सीएनजी पंप वाली मुख्य मार्ग को लेकर कोई टेंशन दिखाई है। कुल मिलाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जो गड्ढा मुक्त सड़कों का अभियान और वादा था वह गोविंदपुरम के इस मार्ग में सफल होता हुआ नजर नहीं आ रहा है।




### ज्ञानी बॉर्डर की सड़क पर गड्ढों का अंबार

दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी का क्षेत्र है। राष्ट्रीय राजधानी का क्षेत्र होने के बावजूद भी दिल्ली-एनसीआर की सड़कों की स्थिति बारिश के बाद बद से बदत्तर हो गई है। साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ज्ञानी बॉर्डर इलाके और दिल्ली की सीमा में चंद कदमों का फैला है लेकिन यहां की टूटी सड़क स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबक बन चुकी है। टूटी सड़क की वजह से स्थानीय लोगों और यहां से आने जाने वालों को परेशान होना पड़ता है। कई बार यहां भीषण दुर्घटना भी हो चुकी है। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई है लेकिन जिस तरीके के हादसे टूटी सड़क की वजह से हो रहे हैं, वह एक विचारणीय प्रश्न है। लगातार टूटी सड़क होने के बावजूद इसको ठीक कराने और मरम्मत कराने की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जो काफी लापरवाही का प्रतीक है।




### इंदिरापुरम मार्ग की सड़क पर नहीं दे रहे अधिकारी ध्यान

करंट क्राइम : कहने को इंदिरापुरम का इलाका पॉश क्षेत्र माना जाता है। नगर निगम को इंदिरापुरम हैंडोवर करने की घोषणा हो चुकी है लेकिन अभी भी इंदिरापुरम जैसे मुख्य इलाकों की सड़क टूटी और गड्ढा युक्त बनी हुई हैं। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे होने की वजह से आमजन को परेशानी होती है। तो वहीं बच्चे और बुजुर्ग भी ऐसे मार्ग पर बेहद सावधानी के साथ चलते हैं। उनको डर रहता है कि सावधानी हटी तो दुर्घटना घट सकती है। टूटी सड़क की वजह से स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को परेशान होना पड़ता है। साथ ही उनको आने-जाने में समय भी अधिक लगता है और उनके वाहनों की बारिश के दिनों में मेंटेनेंस बढ़ जाती है। गड्डा युक्त सड़क होने की वजह से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है लेकिन जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।




### कवि नगर औद्योगिक क्षेत्र की टूटी सड़कें कब होगी गड्ढा मुक्त

करंट क्राइम : कवि नगर औद्योगिक क्षेत्र की टूटी सड़कें हमेशा से व्यापारियों के लिए परेशानी की बात रहती हैं। टूटी सड़क होने की वजह से स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों को परेशान होना पड़ता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समय-समय पर सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का अभियान चलाने का अधिकारियों को निर्देश देते हैं लेकिन यह निर्देश अधिकारियों की फाइल और मेज तक सीमटा कर रख जाता है। कवि नगर औद्योगिक क्षेत्र की सड़क ठीक ना होने की वजह से यहां बारिश के दिनों में और ज्यादा परेशानी होती है। कई कई फीट सड़क पर पानी जमा हो जाता है और जहां सड़क पर अधिक गड्ढे हैं वहां लोगों को अधिक असुविधा उठानी पड़ती है। कुल मिलाकर कवि नगर औद्योगिक क्षेत्र की टूटी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाना चाहिए, वैसे यह इन दिनों गड्ढा युक्त नजर आ रही हैं।




### कब बनेगी मेरठ रोड तिराहा की मुख्य सड़क

करंट क्राइम : मेरठ रोड तिराहा ऐसा मार्ग है जो मुख्य रूट होने के साथ-साथ कई बार वीवीआईपी मूवमेंट का हिस्सा भी रहता है। यहां खुद मुख्यमंत्री कई बार आते जाते हैं। इसके बावजूद मेरठ रोड की सड़कें इन दिनों बेहद टूटी-फूटी और खस्ता हाल चल रहीं हैं। सड़क पर समतल स्थान कम और गड्ढे अधिक नजर आते हैं। गढ़ों की वजह से स्थानीय लोगों और यहां से दिल्ली, साहिबाबाद, नोएडा और नेशनल हाईवे की ओर जाने वाले वाहन चालकों को परेशान होना पड़ता है। टूटी सड़क की वजह से कई बार जाम की स्थिति बनती है। जिसकी वजह से लोगों को जाम से जूझना पड़ता है और उनका कीमती समय भी बर्बाद होता है। अगर यह सड़कें समय रहते हुए ठीक हो जाएं और इसके गड्ढे भर दिए जाए तो लोगों को काफी सहूलियत होगी।




### टूटी सड़क से परेशान हैं सिद्धार्थ विहार विजय नगर के निवासी

करंट क्राइम : विजय नगर क्षेत्र में सिद्धार्थ विहार की सड़कें भी बीते दिनों हुई बारिश के बाद जगह-जगह टूट गई हैं। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और गड्ढों की वजह से इसमें हल्की सी भी बारिश होने पर भी जलभराव की स्थिति हो जाती है। पानी भरने के बाद सड़क और अधिक क्षतिग्रस्त हो रही हैं। जिसकी वजह से आसपास के लोगों को परेशान होना पड़ता है। वहीं स्थानीय लोग कई बार इसकी शिकायत जनप्रतिनिधियों के कार्यालय और निजी स्तर पर भी कर चुके हैं लेकिन इस ओर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। टूटी सड़क की वजह से लोगों के दैनिक कार्यों पर भी इसका असर पड़ रहा है। स्थानीय लोग कहते हैं कि अगर टूटी सड़कें और गड्ढा युक्त सड़कों को गड्ढा मुक्त नहीं बनाया गया तो वह बड़े स्तर पर इसको लेकर आंदोलन भी करेंगे।




# जो ई-रिक्शा चालक भर रहे थे खिलाफ हुंकार

## अध्यक्ष संजीव शर्मा ने उन सबको करा दी कमल की सदस्यता स्वीकार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कुछ दिन पहले ई-रिक्शा चालक भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल रहे थे। विपक्ष इस मुद्दे को उठा रहा था और मुख्यमंत्री के सामने भी ज्ञापन की योजना बना थी, लेकिन जहां भगवा कमांडर के नाम से प्रतिसद्ध संजीव शर्मा ने ये पूरा गेम अपने कब्जे में लिया वो विपक्ष के नेताओं से पहले ई-रिक्शा चालकों के मामले को लेकर पुलिस कमिश्वनर के पास गए। ई-रिक्शा चालकों की बात रखी और कुछ रूट पर संचालन बहाल करवा लिया। भाजपा के लिये जो मुद्दा टेंशन बना रहा था उसे संजीव शर्मा ने पक्ष में किया। हालांकि कुछ स्थानों पर ई-रिक्शा अभी भी बंद हैं। लेकिन संजीव शर्मा ने निगेटिव को पॉजीविट में बदलने का फॉमूर्ला लगाया।

सूत्र बताते हैं कि उन्होंने इस काम में भाजपा की आईटी टीम को लगाया। ई-रिक्शा वालों से संपर्क साधा गया और फिर सीन ये हुआ कि जो रिक्शा चालक भाजपा के खिलाफ हुंकार भर रहे थे उन्होंने भाजपा की सदस्यता स्वीकार कर ली। रविवार को विजयनगर क्षेत्र में संजीव शर्मा ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को साथ लेकर सदस्यता अभियान चलाया। बड़ी बात ये थी कि जहां संजीव शर्मा के आहवान पर लगभग सात सौ से आठ सौ ई-रिक्शा चालक पहुंचे और छह सौ पचास ने खुद को मिस्ड कॉल से भाजपाई बनाया और फिर वो पोर्टल से रस्ट्रिेशन करके भाजपाई हो गए। भगवा कमांडर का ये शॉट चुनाव से पहले लगा है और जो संदेश वो देना चाहते थे उसे उन्होंने ई-रिक्शा चालकों की सदस्यता अभियान से दिया है।



### जब मंत्री असीम अरुण का तय करा दिया औचक निरीक्षण कार्यक्रम

गाजियाबाद। संजीव शर्मा संगठन संभाल रहे हैं और वो जानते हैं कि चुनाव से पहले जनता में क्या संदेश देना है। भाजपा में संगठन सर्वोपरि होता है और इसका मुलाहिजा को हो भी गया। बताते हैं कि मंत्री असीम अरुण गाजियाबाद में थे और उनका कार्यक्रम समीक्षा बैठक का था, लेकिन जहां महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने प्रभारी मंत्री असीम अरुण को यह सुझाव दिया कि आप कुछ मामलों में मौके पर जाकर समाधान कराओ तो सरकार का संदेश सकारात्मक जायेगा। प्रभारी मंत्री ने सुझाव को माना और फिर पहले डूंडाहैडा पहुंचे जहां तालाब पर कब्जे को लेकर लोग नाराज थे। प्रभारी मंत्री पहुंचे तो फिर माहौल बदला और एक्शन हुआ और अब यहां अमृत सरोवर काम शुरू होगा। इसी तरह नदिया पार में अप्सरा बॉर्डर पर कूड़े के ढेर से लोग परेशान थे। प्रभारी मंत्री पहुंचे तो सरकारी अमला हरकत में आ गया। भगवा कमांडर का ये मैनेजमेंट ऐसा रहा जब सरकार का एक सकारात्मक एक्शन वाला संदेश गया।

# भाजपा सदस्यता अभियान के टॉपर बने ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी

## सभी जनप्रतिनिधियों को पछाड़कर सबसे पहले बना दिये 5000 सदस्य






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा का सदस्यता अभियान चल रहा है और इस अभियान में भाजपा ने अपने सभी योद्धाओं को उतारा है। पदाधिकारियों को टारगेट दिया है। जनप्रतिनिधियों को टारगेट दिया है। गाजियाबाद में सभी जोरशोर से लगे भी हुए हैं। यहां एक बार शहर विधानसभा टॉप पर आ चुकी है। अभी रेस चल रही है और रेस में आगे-पीछे कई फेस हो रहे हैं। संगठन के पास सेवा पखवाड़ा बूथ कमेटी गठन मोर्चा प्रकोष्ठ सम्मेलन जैसे कई काम हैं, लेकिन इन सभी के बावजूद गाजियाबाद महानगर टॉप टैन में आ चुका है और इन सब के बीच बड़ी खबर मुरादनगर से है। यहां ब्लॉक प्रमख राजीव त्यागी सभी जनप्रतिनिधियों को पछाड़ते हुए एक रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने सबसे पहले पांच हजार सदस्य बनाकर ये टारगेट पूरा किया है।

बताया जाता है कि कई जनप्रतिनिधि तो इस आंकड़े के पासपास भी नहीं है। किसी ने पांच सौ सदस्य ही बनाए हैं और अगर जनप्रतिनिधि ज्यादा सदस्य बनाते तो वो इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करते, वो इसका स्क्रीन शॉट डालते, लेकिन वो तो जुबानी भी नहीं बता रहे हैं कि उन्होंने कितने सदस्य बनाए हैं। ऐसे में ये बड़ा लक्ष्य ब्लॉक प्रमख राजीव त्यागी ने पूरा किया है। वो पांच हजार से भी ज्यादा यानी पचपन सौ से ज्यादा सदस्य बना चुके हैं। नमो एप में उनका स्क्रीन शॉट सेव हो चुका है। ये पार्टी के प्रति समर्पन का सबसे बड़ा भाव है।

### प्रवीण चौधरी, सुनील शर्मा और नीलम भारद्वाज ने साधा एक हजार का टारगेट




गाजियाबाद। वैशाली की पार्षद नीलम भारद्वाज लगातार तीसरी बार पार्षद कोरोना काल से लेकर सामान्य काल में एक्टिव रहती हैं। उन्होंने सौ पार्षदों में वो मुकाम हासिल किया जब उन्होंने सबसे पहले सौ पार्षदों में से एक हजार सदस्य बनाने का टारगेट अचीव किया है। इसके बाद भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक सुनील शर्मा ने तेरह सौ तेरह सदस्य बनाकर नमो एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। भाजपा पार्षद प्रवीण चौधरी ने भी एक हजार सदस्य बनाकर इस सूची में स्थान हासिल किया है।

### विकास की राह में कोई पीछे न छूटे, सबका साथ, सबका विकास सरकार की प्राथमिकता:असीम अरुण

## अमृत काल में सहभागिता कार्यक्रम से जुड़े गजियाबाद के उद्यमी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरुवार को समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने अमृत काल में सहभागिता कार्यक्रम में कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक न्याय को संविधान के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया है। जिससे समाज के सभी वर्गों को अवसर की समानता प्राप्त हो। डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम कर रही है। प्रभारी मंत्री इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक करना और वित्तीय सहायता कैसे प्राप्त की जाए, इसकी जानकारी प्रदान करना रहा।

शेष, पृष्ठ 8



## संपादकीय

# कृषि क्षेत्र में सुधार जरूरी

भारतीय अर्थव्यवस्था महत्वपूर्ण मोड़ पर है। अर्थव्यवस्था व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता तथा अनुकूल वृद्धि-मुद्रा स्फीति संतुलन के साथ आगे बढ़ रही है। विभिन्न क्षेत्रों तथा बाजारों में बड़े पैमाने पर बदलाव हो रहे हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने 2024-25 की पहली तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। जबकि विश्व बैंक ने अर्थव्यवस्था के लिए 2024-25 की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को कहा कि उपभोग तथा निवेश मांग में लगातार सुधार के साथ भारत की वृद्धि गाथा बरकरार है, लेकिन अभी तक किए सुधारों के साथ भूमि, श्रम और कृषि बाजारों में भी सुधार की जरूरत है। दास ने कहा कि बेहतर मानसून तथा खरीफ की अच्छी बुवाई से खाद्य मुद्रा स्फीति का परिदृश्य अधिक अनुकूल हो सकता है।

वित्तीय क्षेत्र को समावेशी वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल मंच तक पहुंच बढ़ानी चाहिए और उनका इस्तेमाल करना चाहिए। वास्तव में कृषि क्षेत्र समावेशी विकास के लिए एक महत्वपूर्ण खंड है और अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन प्रदान करता है, खासकर तब जब अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन न कर रही हो। भारत में एक बड़ी कृषक आबादी निवास करती है। यदि कृषि क्षेत्र समस्याग्रस्त बना रहेगा तो भारत में पहले से ही मौजूद आर्थिक असमानता में और भी वृद्धि होगी तथा समग्र मांग में भी कमी आ सकती है जिसके परिणाम स्वरुप आर्थिक वृद्धि भी नकारात्मक रूप से प्रभावित हो सकती है। विश्व बैंक को उम्मीद है कि पिछले वर्ष की कमजोर प्रवृत्तियों की तुलना में इस वर्ष निजी खपत में 5.7 प्रतिशत और कृषि क्षेत्र में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि होगी। कृषि क्षेत्र में सुधार औद्योगिक विकास में थोड़ी नरमी की भरपाई कर सकता है और कमजोर मांग को पुनर्जीवित कर सकता है। साथ ही मध्यम अवधि में निजी निवेश को बढ़ाने में मदद कर सकता है।

गौरतलब है कि कृषि एक राज्य सूची का विषय है इसलिए केंद्र की भूमिका सीमित है, लेकिन जिस प्रकार जीएसटी को लागू करने में केंद्र-राज्यों के बीच अभूतपूर्व सहयोग देखा गया है। ऐसा ही सहयोग कृषि क्षेत्र में भी अपेक्षित है। एकीकृत परिषद का निर्माण करके कृषि से संबंधित समस्याओं का समाधान खोजा जा सकता है। समय की मांग है कि सरकारें इस क्षेत्र को भी गंभीरता से लें तथा व्यापक रणनीति के आधार पर सुधारों को लागू करने का प्रयास करें, जिससे इस क्षेत्र में ढांचागत परिवर्तन लाया जा सके।

# जीएसटी 2.0 से देश के विकास को मिलेगी रफ्तार, टैक्स प्रक्रिया होगी आसान

**नई दिल्ली।** गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) को मोदी सरकार के सबसे बड़े आर्थिक सुधारों में से एक माना जाता है। इससे अप्रत्यक्ष कर (टैक्स) प्रक्रिया आसान हुई है। इस कारण जीएसटी कलेक्शन में भी साल दर साल इजाफा हो रहा है। अगस्त 2024 में जीएसटी कलेक्शन 1.75 लाख करोड़ रुपये था। इसमें सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है, पिछले साल अगस्त में जीएसटी कलेक्शन 1.59 लाख करोड़ रुपये था। जीएसटी प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है, क्योंकि इससे लॉजिस्टिक लागत कम करने में और व्यापार करने में आसानी हो रही है। इसे ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार की ओर से जीएसटी प्रक्रिया के सरलीकरण पर ध्यान दिया जा रहा है। आम बजट 2024 में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने टैक्स कानूनों के सरलीकरण और टेक्नोलॉजी के अपनाने पर जोर दिया।



केंद्रीय वित्त मंत्री ने बजट 2024 में संकेत दिया कि जीएसटी 2.0 आने से व्यापार की संभावनाओं को अनलॉक करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही बिजनेस के लिए अनुकूल माहौल बनाने में मदद मिलेगी। टैक्स जानकारों का कहना है कि भारत में जीएसटी 2.0 आने से बड़ा बदलाव होगा। यह केवल जीएसटी कानूनों का अपडेट ही नहीं होगा, बल्कि इससे जीएसटी सिस्टम अधिक पारदर्शी, सरल और बिजनेस फ्रेंडली हो जाएगा। इसके आने से उद्योगों की ओर से लंबे समय से की जा रही मांगे जैसे टैक्स सरलीकरण आदि का भी निदान हो सकता है। जीएसटी 2.0 से टैक्स की प्रक्रिया आसान होगी। इससे तेज वृद्धि दर को सहारा मिलेगा और वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ेगी। वित्त वर्ष 2024-25 के पहले पांच महीने में जीएसटी कलेक्शन सालाना आधार पर 10.1 प्रतिशत बढ़कर 9.14 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

वित्त वर्ष 2023-24 में कुल जीएसटी कलेक्शन 20.18 लाख करोड़ रुपये रहा था। इसमें इससे पहले के वर्ष के मुकाबले 11.7 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली थी।

# 2032 तक 10 लाख करोड़ डॉलर होगी देश की जीडीपी

**नई दिल्ली।** भारत की अर्थव्यवस्था ठोस तरीके से आगे बढ़ रही है। देश की जीडीपी 2032 तक 10 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान है। औद्योगिक उत्पादन के मामले में देश अमेरिका, चीन, जर्मनी, जापान सरीखे राष्ट्रों को भी पछाड़ सकता है। देश की अर्थव्यवस्था 2032 तक बढ़कर 10 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगी। अगले छह वर्षों तक हर 18वें महीने में इसमें एक लाख करोड़ डॉलर की बढ़त होगी। आईडीबीआई कैपिटल ने शनिवार को जारी रिपोर्ट में कहा, 2030 तक भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा।



### 6 साल तक हर 18वें महीने 1 करोड़ डॉलर की वृद्धि की उम्मीद

रिपोर्ट के अनुसार, देश की तेज वृद्धि मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र के दम पर होगी। यह क्षेत्र सकल मूल्यवर्धित (जीवीए) में 32 फीसदी का योगदान कर सकता है। मेक इन इंडिया जैसी प्रमुख पहलों से देश की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने और भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है।

### तेजी से विकास के लिए देश तैयार है

रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना महामारी के कारण अर्थव्यवस्था को बढ़ने में थोड़ी देरी हुई। इससे 2024 के अंत तक चार लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की समयसीमा बढ़ गई, लेकिन अब आने वाले वर्षों में तेजी से विकास के लिए देश तैयार है।

### आईआईपी में शीर्ष पांच देशों से आगे होगा भारत

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में अमेरिका, चीन, जर्मनी, दक्षिण कोरिया व जापान जैसे देशों को पछाड़कर विनिर्माण के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं से आगे निकल जाएगा।

# एफआईआई डेटा, एफएंडओ एक्सपायरी समेत यह फैक्टर्स अगले हफ्ते शेयर बाजार के लिए होंगे अहम

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए पिछला हफ्ता काफी शानदार रहा और इस दौरान स्टॉक मार्केट नया ऑल टाइम हाई बनाकर बंद हुआ। सितंबर के आखिरी कारोबारी हफ्ते में बाजार की चाल घरेलू और वैश्विक स्तर पर आने वाले आर्थिक आंकड़े, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की खरीदारी, फ्यूचर और ऑप्शन की मासिक एक्सपायरी, कच्चे तेल की कीमत और अन्य वैश्विक आंकड़ों पर निर्भर करेगी। पिछले हफ्ते शेयर बाजार में बड़ी तेजी देखी गई थी। सेंसेक्स, निफ्टी और निफ्टी बैंक तीनों ने ही क्रमशः 84,694, 25,849 और 54,066 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। शेयर बाजार में तेजी की वजह अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में 50 आधार अंक की कटौती और अमेरिकी की अर्थव्यवस्था का मजबूत रहना था। स्टॉक मार्केट में बैंकिंग इंडेक्स का प्रदर्शन शानदार रहा है। इसमें 16 सितंबर से लेकर 20 सितंबर के बीच 3.5 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। हालांकि, पिछले करीब एक महीने से मजबूत आईटी इंडेक्स में कमजोरी देखी गई, जो कि 2.75 प्रतिशत घटकर बंद हुआ। इस दौरान मिडकैप और स्मॉलकैप का भी प्रदर्शन कमजोर रहा, जो दिखाता है कि बाजार में निवेशक आकर्षक वैल्यू वाले सेक्टर में निवेश कर रहे हैं। बाजार में तेजी की वजह विदेशी निवेशकों की ओर से की जा रही खरीदारी को माना जा रहा है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा कैश सेगमेंट में 11,517.92 करोड़ रुपये की खरीदारी की गई है।



# पीएम ई-ड्राइव योजना से स्थानीय ईवी मैन्युफैक्चरिंग को मिलेगा बढ़ावा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की ओर से देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन बढ़ाने के लिए हाल ही में मंजूर की गई पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना में स्थानीय स्तर पर ईवी उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने के लिए एक प्रोग्राम होगा। पीएम ई-ड्राइव योजना फेम स्कीम की जगह लेगी। इस योजना के लिए सरकार ने 10,900 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। कई मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि पीएम ई- ड्राइव योजना के तहत देश में ईवी उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए चरणबद्ध मैन्युफैक्चरिंग कार्यक्रम (पीएमपी) लागू किया जाएगा। योजना के तहत, ईवी निमार्ता, जो स्थानीय स्तर पर उपकरणों को सोर्स करते हैं, उन्हें घरेलू मूल्य संवर्धन आवश्यकता के बिना वित्तीय सहायता प्राप्त होगी। सब्सिडी पाने के लिए स्थानीय स्तर पर ईवी उपकरणों के पार्ट्स की असेंबली करनी होगी। हालांकि, आपूर्तिकर्ता पार्ट्स का आयात कर सकते हैं। रिपोर्ट में एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया गया कि पीएमपी के तहत स्थानीय ईवी मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दिया जाएगा।

## राशिफल

**मेष:** आज का राशिफल बताता है कि आज इस राशि के जातक दिन की शुरूआत खूबसूरत सुबह से होगी जिसकी कल्पना भी नहीं की होगी।

**वृष:** आज का राशिफल बताता है कि आज इस राशि के जातक के लिए लाभदायक है। क्रिटिएविटी में वृद्धि होगी। मानसिक शांति होने से काम बनेगा।

**मिथुन:** आज का राशिफल बताता है कि इस राशि के आज किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। बिजनेस में लाभ मिलेगा।

**कर्क:** आज का राशिफल बताता है कि इस राशि के लेन-देन में सतर्क रहे। परिवार के किसी सदस्य से विवाद होने से दिन खराब जाएगा।

**सिंह:** आज का राशिफल बताता है कि आज का दिन इस राशि के जातक वाणी पर संयम रखे। नए संबंध बनेंगे। परिवार से अनबन हो सकती हैं।

**कन्या:** आज का राशिफल बताता है कि इस राशि के जातक आपके लिए लाभदायक परिणाम लेकर नहीं आ रहा है।

**तुला:** आज का राशिफल बताता है कि इस राशि के जातक का दिन घर में जरूरी सामानों की खरीद करेंगे। इसके बावजूद सुख मे कमी रहेगी। बिजनेस में लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक:** राशिफल बताता है कि इस राशि के जातक दोस्तों के साथ अच्छी तरह से समय बीतेगा। प्रेम संबंधों आपका भावुक स्वभाव साथी को आकर्षित करेगा।

**धनु:** आज का राशिफल बताता है कि इस राशि के जातक योग्यता और बुद्धि से सफलता हासिल करेंगे। परिवार के साथ अच्छा तालमेल रहेगा।

**मकर:** आज का राशिफल बताता है कि आज इस राशि के जातक परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। दोस्तो के साथ आनंद के पल बिताएंगे।

**कुंभ:** आज का कुंभ राशिफल बताता है कि आज इस राशि जातक घर-परिवार या किसी रिश्तेदार के यहां मांगलिक आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर मिलेगा।

**मीन:** आज इस राशि के जातक किसी धार्मिक से लाभ मिलेगा। गरीबों को भोजन कराएगे। बिजनेस में आत्मविश्वास से काम को सफल बनाएंगे।

## चुटकुले

लड़का : तुम्हे मेरे अंदर सबसे अच्छी बात क्या लगती है?
लड़की : लोग समय के साथ बदल जाते हैं लेकिन तुम नहीं बदले।
लड़का : वह कैसे?
लड़की : जब मैं तुमसे मिली थी तब भी बेरोजगार थे और आज भी बेरोजगार हो।

---

भगवान हर जगह नहीं पहुंच सकते। इसलिए उन्होंने मां-बाप बनाए और...
मां-बाप हर जगह नहीं पहुंच सकते। इसलिए बजरंग दल वाले बनाए।

---

टीचर : 15 फलों के नाम बताओ...
सोनू : आम, केला, अमरूद...
टीचर : शाबाश, 12 और फलों के नाम बताओ...
सोनू : एक दर्जन केले...

## रोचक तथ्यों का करंट

- चींटियाँ कभी भी नहीं सोती हैं।
- नील आर्मस्ट्रांग ने चन्द्रमा पर अपना बायां पैर पहले रखा था। उस समय उनका दिल 1 मिनट में 156 बार धड़क रहा था।
- हाथी ही एक ऐसा जानवर है जो कूद नहीं सकता है।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल के कारण पर्वतों का 15,000 मीटर से अधिक ऊँचा होना संभव नहीं है।
- पढ़ना और सपने देखना हमारे दिमाग के अलग – अलग भागों की क्रिया है, इसलिए हम सपने में पढ़ नहीं सकते हैं।
- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला पासवर्ड 123456 है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, होशियार लोग ज्यादातर अपने आप से बातें करते हैं।
- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।
- जरुरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये रिश्तों का अपनापन है जो हर मौके पर दिखाई देता है। ये अपने है जो अहसास कराते हैं कि आप उनके लिए कितने खास है। सुशीला के हैप्पी बर्थडे पर उमेश कुमार ने अपने पूरे परिवार के साथ उन्हे स्पेशल विश किया। उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। रिश्तों की खूबसूरत अहमियत को अपने बधाई संदेश से उन तक पहुंचाया।




दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# भारत ने 280 रन से जीता चेपॉक टेस्ट

## पंत, गिल और अश्विन रहे जीत के हीरो

### मैन ऑफ द मैच रहे रविचंद्रन अश्विन






**चेन्नई ।** टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला भारत के नाम रहा। चेपॉक में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 280 रन से हराते हुए सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

रविवार को मुकाबले का चौथा दिन था और पहले सेशन में ही भारत ने यह मुकाबला अपने नाम किया। 515 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेहमान टीम दूसरी पारी में 234 रन पर सिमट गई। अश्विन ने दूसरी पारी में 6 विकेट, रवींद्र जडेजा ने 3 और जसप्रीत बुमराह ने 1 विकेट लिया।

अपने घरेलू मैदान पर अश्विन के ऑलराउंडर प्रदर्शन ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पहली पारी में विकेट रहित अश्विन ने बल्ले से धमाल मचाया और शतकीय पारी खेली, जबकि दूसरी पारी में उन्हें छह विकेट चटकाए।

इससे पहले टीम इंडिया ने पहली पारी में 376 रन बनाए थे। इस दौरान अश्विन ने 113 रन और रवींद्र जडेजा ने 86 रन की जबरदस्त पारी खेली थी। टीम के 144 रन पर 6 विकेट गिर जाने के बाद दोनों ने 199 रन की मजबूत साझेदारी की थी।

जवाब में बांग्लादेश की टीम 149 रन ही बना सकी थी। जसप्रीत बुमराह ने इस दौरान 4 विकेट, वहीं जडेजा, आकाशदीप और सिराज ने 2-2 विकेट चटकाए थे।

भारतीय टीम को पहली पारी में 227 रन की बढ़त मिली थी। इसके बाद दूसरी पारी में भारत ने ऋषभ पंत की 109 रन और शुभमन गिल की नाबाद 119 रन की मदद से 4 विकेट पर 287 रन बनाकर पारी घोषित की और कुल 514 रन की बढ़त हासिल की।

भारत की ओर से आर.अश्विन, ऋषभ पंत और शुभमन गिल ने शतक जड़ा। जबकि बांग्लादेश के लिए सबसे सफल बल्लेबाज कप्तान नजमुल हसन शांतो रहे और टीम के अन्य बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के आगे संघर्ष करते नजर आए।

> दूसरा टेस्ट मैच 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा।

# यह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण जीत है, यह पिच काफी आसान था : रोहित



> हम किसी भी कंडीशन में इसी तरह की टीम बनाना चाहते हैं
> रोहित शर्मा

**चेन्नई ।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट के चौथे दिन रविवार को 280 रन के बड़े अंतर से हराने के बाद इस जीत को महत्वपूर्ण करार दिया।

रोहित ने मैच के बाद कहा,"भविष्य को देखते हुए यह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण जीत है। ऋषभ पंत काफी मुश्किल समय से गुजरे हैं। उन्होंने जिस तरह से उन चीजों का सामना किया वह अदभुत है। इस फॉर्मेट को वह सबसे ज्यादा पसंद है। हमें हमेशा से पता था कि वह कितने काबिल हैं। यह बस उन्हें गेम टाइम देने का मामला था।"

कप्तान ने कहा,"हम किसी भी कंडीशन में इसी तरह की टीम बनाना चाहते हैं। हम हमेशा चाहते हैं कि हमारे पास तेज गेंदबाजी या स्पिन में विकल्पों की कमी न हो। यह पिच काफी आसान था। यहां पर तेज गेंदबाजों के लिए भी मदद थी और स्पिन गेंदबाजों के लिए भी काफी कुछ था। यह ऐसी पिच थी, जहां आपको संयम दिखाना पड़ता।"

प्लेयर ऑफ द मैच रविचंद्रन अश्विन की सराहना करते हुए रोहित ने कहा,"वह हमेशा आपके साथ रहते हैं। वह आपको बताते रहते हैं कि क्या करना है और क्या नहीं। वह इस टीम के लिए जो करते हैं, उसके लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। वह कभी भी मैच से बाहर ही नहीं होते। आईपीएल में खेलने के बाद वह टीएनपीएल में खेले और वहां उन्होंने टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी भी की, जिसका प्रभाव साफ दिख रहा है।

रोहित इस मैच में दोनों पारियों में बिलकुल भी नहीं चले लेकिन उनकी कप्तानी में भारत ने यह टेस्ट जीतकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

# मैं इस वापसी को हर दिन सेलीब्रेट कर रहा हूं : पंत



**चेन्नई।** चोट के दो साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में शानदार शतक लगाया और शुभमन गिल के साथ शतकीय साझेदारी की जिसकी बदौलत भारत ने मेहमान टीम को 280 रन से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

मैच के बाद ऋषभ पंत ने कहा," चेन्नई में खेलना मुझे काफी अच्छा लगता है। इंजरी के बाद मुझे तीनों फॉर्मेट में वापसी करनी थी। उसके बाद यह मेरा पहला टेस्ट मैच था। मैं इस वापसी को हर दिन सेलीब्रेट कर रहा हूं। यह थोड़ा इमोशनल मामला भी था। मैं अपने हर मुकाबले में अच्छा स्कोर बनाना चाह रहा था।"

पंत ने कहा," टेस्ट क्रिकेट में फिर से वापसी करना मेरे लिए काफी अच्छा अहसास है। शतक बनाने के बाद मैं थोड़ा इमोशनल हुआ था। हालांकि दिन के अंत में फील्ड पर बने रहना मेरे लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। मुझे नहीं पता कि लोग मेरे बारे में क्या कहते हैं लेकिन मैं अपनी तरह से किसी भी परिस्थिति को समझता हूं। एक समय पर हमने 30 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे और मैं एक पार्टनरशिप बनाना चाह रहा था और उसके लिए मैदान पर मेरे साथ एक ऐसा खिलाड़ी थी, जिसके साथ मेरा रिश्ता काफी ज्यादा अच्छा है।"

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ने दूसरी पारी में 109 रन बनाये और गिल (नाबाद 119) के साथ 167 रन की जबरदस्त साझेदारी की जिसने भारत की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

> ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ भारत की दूसरी पारी में शानदार शतक लगाया

# कुछ नहीं बदल रहा, कानपुर में दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में कोई बदलाव नहीं



**मुंबई।** बांग्लादेश के खिलाफ रविवार को पहले टेस्ट में जीत के तुरंत बाद, बीसीसीआई ने दूसरे टेस्ट के लिए अपरिवर्तित टीम की घोषणा की, जो 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में होगा।

बीसीसीआई के बयान में कहा गया है, पुरुष चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के लिए वही टीम बरकरार रखी है। चेन्नई के एम.ए.चिदंबरम स्टेडियम में पहले टेस्ट में 280 रन की बड़ी जीत के बाद रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

जीत के बाद, भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि बांग्लादेश एक स्थान फिसलकर छठे स्थान पर खिसक गया है। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारत की टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, अक्षर पटेल ,कुलदीप यादव,मो. सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

# भारत चेस ओलंपियाड की दोनों कैटेगरी में टॉप पर

## राहुल गांधी ने कहा, 'स्वर्ण पदक जीतने का समय आ गया है'





**नई दिल्ली।** फिडे चेस ओलंपियाड 2024 में भारत दोनों कैटेगरी में टॉप पर है। बुडापेस्ट में प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में ओपन वर्ग और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के करीब हैं। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को टीम इंडिया को शुभकामनाएं दीं।

भारत ने शनिवार को ओपन सेक्शन के आखिरी से पहले के दौर में यूएसए को हराकर शतरंज ओलंपियाड में जीत हासिल कर ली जबकि महिला टीम ने भी जीत की राह पर वापसी की और चीन को 2.5-1.5 से हराया।

राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, शतरंज ओलंपियाड के ओपन और महिला दोनों वर्गों के निर्णायक दौर में प्रवेश करने वाली भारतीय टीम को सफलता की शुभकामनाएं!"

आप आज इतिहास बनाने की कगार पर हैं। आपकी अथक लगन और असाधारण कौशल ने आपको इस क्षण तक पहुंचाया है। अब समय आ गया है कि आप स्वर्ण पदक जीतें और दुनिया को दिखाएं कि भारत किस चीज से बना है।

डोमाराजू गुकेश ने फैबियानो कारूआना को हराया, तथा अर्जुन एरिगैसी ने लीनियर डोमिन्गुएज को हराया, जिससे भारतीय टीम को ओपन वर्ग में टूनामेंट की शीर्ष वरीयता प्राप्त टीम पर महत्वपूर्ण मैच में जीत मिली।

इस बीच, महिला वर्ग में दिव्या देशमुख की जीत से भारत ने चीन को हराया। हरिका द्रोणावल्ली ने झू जिनर के खिलाफ मैच ड्रॉ कराया, जबकि वंतिका अग्रवाल और आर. वैशाली ने भी क्रमशः मियाओई लू और गुओ क्यू के खिलाफ अपने मैच ड्रॉ कराए।

महिला शतरंज ओलंपियाड में एक राउंड शेष रहते भारत और कजाकिस्तान की टीमें बढ़त बनाए हुए हैं। महिला वर्ग में पदक के लिए मुकाबला काफी नजदीकी हो गया है, क्योंकि अमेरिका और पोलैंड की टीमें शीर्ष पर चल रही टीमों से केवल एक अंक पीछे हैं।



# मेरा पूरा फोकस गेंदबाजी पर रहता है : अश्विन

**चेन्नई।** अनुभवी स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने एक ही टेस्ट मैच में शतक और पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड चौथी बार कारनामा किया जिससे भारत ने रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 280 रन की जीत के साथ श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। इसके अलावा, अश्विन ने 37वीं बार पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया और महान शेन वार्न के बराबर पहुंच गए, उनसे आगे केवल श्रीलंका के महान मुथैया मुरलीधरन (67) हैं।

चौथे दिन पहले ही सत्र में बांग्लादेश 205/5 से 234 पर सिमट गया और मेहमान टीम ने 30 रन से भी कम पर अपने बाकी 5 विकेट खो दिए। अश्विन और रवींद्र जडेजा ने बांग्लादेशी बल्लेबाजों के खिलाफ दबदबा बनाया। स्पिन जोड़ी ने कुल 9 विकेट लिए। जहां जडेजा ने तीन विकेट लिए, वहीं अश्विन ने पहले दिन शतक के अलावा 6 विकेट भी लिए। मैच के बाद अश्विन ने कहा, जब भी मैं चेन्नई में खेलता हूं, तो मेरे लिए यह एक अद्भुत अहसास होता है। मैंने उन स्टैंड्स में बैठकर बहुत सारे टेस्ट और अंतर्राष्ट्रीय मैच देखे हैं। मैं शायद अपने खेल का आनंद इसलिए ले रहा हूं क्योंकि मैं जो कर रहा हूं, वह मेरे लिए बहुत अच्छा है। मुझे जडेजा का शुक्रिया अदा करना होगा जिन्होंने मेरी मदद की।

38 वर्षीय ऑलराउंडर ने पहली पारी में शतक जड़कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया था। एक समय था जब भारत पहली पारी में 144/6 के स्कोर पर मुश्किल में था। इसके बाद अश्विन ने मोर्चा संभाला और आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करते हुए अपना छठा टेस्ट शतक जड़ा। जडेजा (86) के साथ उनकी महत्वपूर्ण 199 रन की साझेदारी ने भारत को वापसी दिलाई और कुल 376 रन बनाने में मदद की।

अपने शतक के साथ अश्विन ने एमएस धोनी के छह टेस्ट शतकों की बराबरी कर ली है। उन्होंने यह उपलब्धि दिग्गज पूर्व कप्तान से दो पारियां कम लेते हुए हासिल की।

# अल्काराज ने टीम यूरोप को टीम वर्ल्ड के बराबर पहुंचाया

**बर्लिन।** फ्रांसेस टियाफो ने शनिवार को टीम यूरोप के दानिल मेदवेदेव को हराकर टीम वर्ल्ड को लेवर कप टेनिस प्रतियोगिता में बढ़त दिलाई। शनिवार को टियाफो के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम वर्ल्ड ने टीम यूरोप के मेदवेदेव को 3-6, 6-4, 10-5 से हराकर बर्लिन में 4-2 की बढ़त हासिल की। कार्लोस अल्काराज ने बाद में बेन शेल्टन के खिलाफ जीत दर्ज करके टीम यूरोप को बराबरी दिलाई।

टियाफो ने कहा कि उन्हें लगा कि वे रोजर फेडरर की तरह खेल रहे हैं, वे अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेल रहे हैं, सिनसिनाटी में फाइनल में पहुंचने के बाद पहली बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

अमेरिकी खिलाड़ी ने मेदवेदेव के खिलाफ 0-5 एटीपी हेड-टू-हेड पीछे रहने का सामना करते हुए मैच में प्रवेश किया, लेकिन इससे वह डरे नहीं। उन्होंने महत्वपूर्ण क्षणों में खुलकर खेला और अंक गंवाने के बावजूद कोर्ट पर खूब मौज-मस्ती की।

मेदवेदेव के एक शॉट के बाद टियाफो को कोर्ट के अपने हिस्से में लाने के बाद, अमेरिकी खिलाड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी की तारीफ करने के लिए अपना खास स्प्रिंकलिंग सेलिब्रेशन किया। टियाफो ने कोर्ट पर बातचीत में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने अपनी टीम के साथ मस्ती करना और हंसना शुरू कर दिया।

बस थोड़ा सा मजा किया और अपनी लय हासिल करना शुरू कर दिया। कोर्ट जाहिर तौर पर मेरे खेलने के आदी होने की तुलना में बहुत धीमे हैं, इसलिए इस कोर्ट पर मेदवेदेव के साथ खेलना मुश्किल है।

# रोहित एंड कंपनी ने चेपॉक टेस्ट में बनाए ये रिकॉर्ड्स



**चेन्नई ।** बांग्लादेश के खिलाफ भारत ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज जीत के साथ किया। चेपॉक में भारत ने मेहमान टीम को 280 रन से करारी शिकस्त दी। मैच में कई ऐसे पल आए जब तीखी नोकझोंक के साथ-साथ स्पोर्ट्समैनशिप भी दिखी। कुल मिलाकर यह मुकाबला रोमांचक रहा, जहां टीम इंडिया ने कई रिकॉर्ड्स बनाए। इस जीत से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में टीम इंडिया की नंबर वन पर स्थिति और मजबूत हो गयी है।

515 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान नजमुल हसन शांतो के अलावा सभी बांग्लादेशी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के आगे सरेंडर करते दिखे। टॉस फैक्टर का फायदा उठाने के इरादे से पहले गेंदबाजी करने उतरी मेहमान टीम ने शुरूआत तो अच्छी की लेकिन उसको ज्यादा देर तक संभाल नहीं पाई। खास तौर पर अपने होम ग्राउंड पर मैन ऑफ द मैच रहे ऑफ स्पिनर आर.अश्विन का दबदबा बांग्लादेश के खिलाफ सबसे ज्यादा दिखा। उन्होंने 6 विकेट झटके। साथ ही पहली पारी में 113 रन भी बनाए थे। ये रिकॉर्ड चौथी बार है जब अश्विन ने एक ही टेस्ट मैच में शतक बनाने और पांच विकेट लेने का कारनामा किया है। यह चेपॉक टेस्ट मैच कई मायनों में ऐतिहासिक साबित हुआ। कई छोटे-बड़े टीम और व्यक्तिगत रिकॉर्ड बनते हुए दिखाई दिए हैं। इनमें से कई रिकॉड्र्स और आकड़े तो अश्विन के नाम दर्ज हुए हैं।

टेस्ट में नंबर 8 या उससे नीचे के खिलाड़ियों पर सबसे ज्यादा शतक बनाने के मामले में अश्विन (4 शतक) दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे पहले इस लिस्ट में डेनियल वेटोरी (5 शतक) हैं। 38 साल की उम्र में 5 विकेट हॉल और शतक लगाने वाले अश्विन दुनिया के पहले खिलाड़ी हैं। वह सबसे ज्यादा (5 विकेट हॉल) लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन चुके हैं। उनसे आगे सिर्फ मुरलीधरन हैं। टेस्ट क्रिकेट में 522 विकेटों के साथ अश्विन सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में आठवें पायदान पर हैं। 280 रनों से मिली जीत रनों के लिहाज से बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया की सबसे बड़ी जीत है। बता दें, टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम साल 2012 से अपने घर में कोई भी द्विपक्षीय शृंखला नहीं हारी है।

# 108 उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में 108 उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभावों को सम्मानित करने से पूर्व भगवान परशुराम के चित्र पर ज्योति प्रज्वलित, वैदिक मंत्रोउच्चार, शंखध्वनि, पुष्पअर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया कार्यक्रम के आयोजक विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि यह वह प्रतिभाएं हैं जिन्होंने सामाजिक सरोकारों से जुड़कर न केवल देश के लिए कुछ किया अपितु समाज में मिसाल कायम की है और दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बने हैं। यह सभी पात्र किसी ना किसी रूप में समाज के उत्थान एवं राष्ट्र हित के कार्यों में जुटे हुए हैं।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा गाजियाबाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ,उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कश्यप, कैलाश मानसरोवर भवन के अध्यक्ष उदय कौशिक डॉ अनिल अग्रवाल राज्यसभा सांसद संयुक्त बयान में कहा मौजूदा दौर मे संवैधानिक व्यवस्था मे अलग-थलग पड़े समस्त ब्राह्मणों को एकजुट होकर अपने उत्थान के लिए स्वयं संघर्ष करने के साथ-साथ धर्म व संस्कृति के पतन की रक्षा के लिए समाज को दिशाहीन होने से बचाना भी ब्राह्मण का दायित्व होना चाहिए।

अखिल भारत हिंदू महासभा /संत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चक्रपाणि महाराज ने कहा की जिसके हृदय में गुरु,देवता,माता-पिता और अतिथि के प्रति भक्ति है।जो दूसरों को भी भक्तिमार्ग पर अग्रसर करता है,जो सदा पुराणों की कथा करता और धर्म का प्रचार करता है। शास्त्रों में ऐसे ब्राह्मण के दर्शन से अश्वमेध यज्ञों का फल प्राप्त होने की बात कही गई है कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद /वरिष्ठ समाजसेवी राम अवतार जिंदल ने की मंच पर उपस्थित संस्था के मुख्य संरक्षक रामनरेश पिंडीवासा , संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष पंडित महेश कुमार शर्मा, संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला शक्ति प्रकोष्ठ सीमा भार्गव, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व विधायक के के शर्मा पूर्व विधायक सुरेंद्रनगर मुन्नी, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, नानक चंद शर्मा, मौजूद थे। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कश्यप, गाजियाबाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, एक स्वर में कहा कि ब्राह्मणों के हाथों में पृथ्वी हजारों वर्ष तक सुरक्षित रही है।

इस अवसर पर संस्था के महासचिव शैलेंद्र शर्मा, संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉक्टर सतीश भारद्वाज, योगेश दत्त गौड़ सचिव, लोकेश कौशिक कोषाध्यक्ष, रघुनंदन भारद्वाज महासचिव, सुभाष शर्मा महासचिव, संदीप शर्मा महासचिव, बृजपाल शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आर पी शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, देवासी सो जा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अलोकचंद शर्मा कपिल पंडित विजय कौशिक मीडिया प्रभारी, विनीत कुमार शर्मा उपाध्यक्ष, मनोज शर्मा संगठन मंत्री, सचिन भारती कार्यालय मंत्री अशोक भारतीय राष्ट्रीय संयोजक राहुल शर्मा अंकित शर्मा जिला अध्यक्ष डॉक्टर रेनू शर्मा डॉ एसपी गुप्ता, डॉ सुजीत सिंह डॉ दिनेश गौतम कृष्ण मंडार दिल्ली आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** घर से मार्निग वॉक पर निकले एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। युवक का शव रेलवे ट्रैक पर कई टुकडों में पड़ा मिला। पुलिस ने शव का पचनामा भर परिजनों के आग्रह पर शव परिजनों को सौप दिया। गांव गदाना निवासी जोगेन्द्र सिंह का (22) वर्षीय पुत्र चेतन मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि सुबह करीब छह बजे वह मार्निग वॉक करने के लिए घर से निकला था, वह हनुमानपुरी कॉलोनी में रेलवे ट्रैक के पास से जा रहा था। इसी बीच मेरठ से दिल्ली की और जा रही ट्रेन की चपेट में आ गया। जिस कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी, कि युवक का शव कई टुकड़ों में पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पंचनामा भर लिया। लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## पैरालंपिक पदक विजेता सिमरन शर्मा ने ने किया पौधारोपित

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** गुरूद्वारा रोड़ के सामने व गिन्नी देवी डिग्री कॉलेज के निकट स्वर्णकार समाज मोदीनगर एवं सेवार्थ ट्रस्ट के सौजन्य से पैरा ओलंपिक-2024 में पदक विजयता सिमरन शर्मा के हाथों एक पौधारोपित किया गया। सिमरन शर्मा एवं उनके कोच का स्वागत संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य द्वारा पुष्प माला पहनकर किया गया। संस्था की ओर से सिमरन शर्मा को एक प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवार्थ ट्रस्ट के संरक्षक एलडी कौशिक, डॉ0 केवल कृष्ण थमन, गोपाल गुप्ता, सेवार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष सचिन वर्मा, विष्णु वर्मा, मोहित अग्रवाल, स्वर्णकार समाज मोदीनगर



की ओर से श्रीमति अनिल सिंह, उपेंद्र आर्य, सलेक चंद सोनी, बृजमोहन सोनी, डॉ0 केसरपल देव सोनी, आनंद सोनी, सतीश सोनी, सुमित सोनी, मोहित सोनी, प्रदीप मुंशी, जाहिद, दिनेश गर्ग, समृद्धि, बलबीर मेहता, दौलत राम, गौरव मोदी, भारत गोयल, आशीष चैधरी, दीपचंद, कृष्ण, दिनेश खिलाड़ी उपस्थित रहे। इसके अलावा रविवार को सिमरन शर्मा का एक रैली के माध्यम से शहर के अनेक स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।

## दो पक्षों में जमकर मारपीट

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** दो पक्षों में एक दीवार के निर्माण को लेकर जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष ने दसरे पक्ष के एक युवक पर प्रहार कर घायल कर दिया। पुलिस ने शांतिभग की धाराओं में कार्रवाही कर मामले को रफादफा कर दिया। मामला भगवान गंज मंडी निवासी प्रदीप कुमार गर्ग से जुड़ा है। प्रदीप कुमार गर्ग ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके पडौस में ही रहने वाले मुकुल गर्ग ने रविवार की सुबह उनके साथ जमकर मारपीट करते हुये घायल कर दिया। सूचना पर पंहुची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर मामले को शान्त कराया ओर शहर के कई गणमान्य लोगों के हस्तक्षेप के बाद शान्तिभगं करने की धाराओं में कार्रवाई कर मामले को रफादफा कर दिया। यह मामला शहर में चर्चा बना हुआ है।

# आईटीएस मोहन नगर में पीजीडीएम के 26वें वार्षिक दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार को आई टी एस स्कूल ऑफ मेनेजमेंट मोहन नगर गाज़ियाबाद के लोकप्रिय एवं सम्मानित शैक्षणिक प्रोग्राम पी जी डी एम (2022-24) के दीक्षांत समारोह का आयोजन संस्थान के चाणक्य ऑडिटोरियम में किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि नितिन सलूजा, फाउंडर, चायोस, विसिष्ट अतिथि जगन्नाथ सरकार, मेंबर ऑफ पार्लियामेंट, आई टी एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा , आई टी एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार एवं पी जी डी एम चेयर पर्सन डॉ. अनुषा अग्रवाल द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर संपन्न किया गया।

आई टी एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा की सहमति प्राप्त कर दीक्षांत समारोह का शुभारम्भ विधिवत रूप से किया गया। वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने छात्रों से मानवीय मूल्यों के साथ राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने हेतु प्रेरणा दी। निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार ने संस्थान सम्बंधित उपलब्धियों पर रिपोर्ट प्रस्तुत किया एवं सभी उत्तीर्ण छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सभी उत्तीर्ण प्रतिभागियों द्वारा पारम्परिक शपथ ग्रहण की गई। विशिष्ट अतिथि जगन्नाथ सरकार ने अपने सम्बोधन में छात्रों को आत्मोद्धार, सर्वांगीण विकास तथा सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश दिया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि नितिन सलूजा द्वारा कन्वोकेशन एड्रेस प्रस्तुत किया गया।

इस क्रम में उन्होंने ग्रोथ माइंड सेट, हार्ड वर्क एवं निरंतर सफलता की दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ उत्तीर्ण छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ अनुषा अग्रवाल द्वारा पी जी डी एम (2022-24) में रैंक होल्डर्स के नाम की घोषणा की गई जिसमे सुंदरी तोमर, हिमांशु गौतम एवं सिमरन श्रीवास्तव को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन्हे क्रमशः स्वर्ण, रजत और ताम्र पत्र तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मार्केटिंग, फाइनेंस, एच आर, आई टी एवं ऑपरेशन स्पेशलाइजेशन क्षेत्र में क्रमशः सुंदरी तोमर, अविनाश चौधरी एंड हिमांशु गौतम, सिमरन श्रीवास्तव, याचिका त्यागी और अंशुल तरागी को सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने हेतु स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शेष सभी उत्तीर्ण प्रतिभागियों को विशिष्ठ अतिथियों द्वारा सर्टिफिकेट्स प्रदान किये गए। राष्ट्रीय गान के साथ दीक्षांत समारोह की विधिवत समाप्ति की गई।




## भगवा मौहल्ले में रात के ढाई बजे उखड़ गया भागवत कथा का तंबू

जिस मौहल्ले में वार्ड वाला जनादेश भाजपा को मिलता है,जिस मौहल्ले में भाजपा के मडंल अध्यक्ष रहते हैं उस मौहल्ले में भागवत कथा का तंबू आधी रात को ढाई बजे उखाड़ दिया गया। गोल टोली वाले होते तो ये जिहाद होता लेकिन यहां तो पगड़ी वालो ने तगड़ी ताकत दिखाई और कह दिया कि जिससे जो उखाड़ा जाये वो उखाड़ ले,हम नही होने देगें कथा। सनातन वालों की व्यथा ये है कि आरडब्लूए के सचिव भगवा गुप्ता है और अध्यक्ष कांग्रेस के शर्मा अधिवक्ता है। पर जब भागवत कथा का तंबू उखड़ा तो जुबान फूल वाले लाला की भी खामोश रही और बोले कांग्रेस वाले शर्मा जी भी नही। पटेल वाले मौहल्ले में हिन्दु रक्षक फेल हो गये। सरदार जी के आगे फूल वाले गुप्ता जी भी कुछ ना बोल सके। दूसरे वार्ड में बजरंगी रहते है मगर हार्ड उनसे भी ना हुआ जायेगा। झुग्गी झोपड़ी वालों को पीट कर बांग्लोदेश का गुबार निकालने वाले भी यहां नही आयेगें। मौहल्ले वाले ने कहा कि ये फूल वाले हैं कभी माटी चावल लेके आयेगें,कभी सदस्यता के लिये आयेगें, वोट की पर्ची लेकर आयेगें मगर आप देख लेना कि अब नही आयेगें।

## शहर में लहर रूक गई है और अब लगाना होगा एक्स्ट्रा जोर

इसी विधानसभा के विधायक जी ने लोकसभा की वैतरिणी योगी जी मोदीजी के नाम पर पार कर ली। उठा कर देख लो उनके चुनाव प्रचार की कोई सी भी फाईल सभी मे दिखेगा उनका एक ही स्टाईल। उन्होने पूरे चुनाव में एक भी काम अपना नही गिनाया और योगी जी मोदी जी के नाम पर वोट मांगे और वो जीत भी गये। अब बारी उस क्षेत्र की है जो उन्होने खाली किया। कहने वाले ने कहा कि कुछ तो बात है तभी योगी जी दो बार कह चुके कि ओवर काफिडेंस में नही रहना है। जिनके नाम से लोकसभा फतह हो गई वो विधानसभा में केयरफुल रहने की बात कह रहे हैं। बूथ कमेटी पर जोर दे रहे हैं और लाईनपार वाले शुक्ला जी ने फोटो चैलेंज दे दिया कि दिखाओ जरा शहर वाले। पुराने भाजपाई ने इस पूरे सीन को लेकर कहा कि पहली बात तो ये है कि शहर में अब लहर रूक गई है और इसमें कोई शक नही कि जो भी लड़ेगा उसे लड़ना ही होगा,इस बार एक्स्ट्रा जोर लगाना होगा। लाईनपार वालों का जोर चला तो वो नैय्या ही पार नही होने देगें। केयरफुल ही फूल वालों को इस चुनाव में फूल वालों से रहना होगा।

## रामलीला में हल्ला कहां हैं कुनबा ऑफ सुल्ला और कहां हैं खलीफा

वो सिर्फ रामलीला ही नही है वो पुराने शहर का 125 साल पुराना इतिहास समेंटे एक परंपरा है। नवाबो के खानदान द्वारा वक्फ की दान की गई जमीन पर राम की लीला होती है। एक ऐसी रामलीला जिसमें खलीफा और उस्ताद की परंपरा हैं। ये सुल्लामल परिवार की देन भी मानी जाती हैं। लेकिन रामलीला वाले बता रहे है कि दुकानदार तो लुट गये और ये तमाशबीन है जो अब दुकाने लगा के बैठ गये हैं। उन्होने कहा कि सुल्ला मल परिवार के चेहरे इस रामलीला कमेटी में कहां हैं। वीनू बाबा के वशंजो को कितना बुलाते है ये कमेटी वाले। डब्बूजी सुल्लामल वालों के वशंजो को कितना पूछ रहे हैं ये कमेटी वाले। उस्ताद अशोक गोयल से लेकर सुंदर खलीफा तक को कितने मामलों में पूछ लिया वीरो बाबा और बब्बे ने। जिनके नाम से रामलीला है उनके पूरे परिवार को ही साईड लाइन कर दिया गया। जो उस्ताद और खलीफा है वो हाशिये पर हैं। खत्म कमेटी के लोग फैसले ले रहे हैं। लीला की पुरानी परंपरा का कुछ तो मान सम्मान रहे।

# गाजियाबाद में राहुल गांधी का विरोध मोदी सरकार ने लौटाया सिखों का स्वाभिमान

## एसपी सिंह बोले- कांग्रेस नेता ने 84 के दंगों की याद ताजा करा दी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अमेरिका में भारतीय सिक्खों के बारे में बे सिर पैर की बातें करके वैमनस्य फैलाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा है कि भारत में सिखों पगड़ी और कड़ा समेत अन्य धार्मिक ककार धारण करने और गुरूद्वारे जाने से रोका जा रहा है। यह बात बिल्कुल निराधार है और हिंदू व सिख समाज को दो फाड़ करने के मंसूबे से कही गई है। असल स्थिति यह है कि मोदी और योगी सरकार ने सिखों का सम्मान औ स्वाभिमान लौटाने का काम किया है। राहुल गांधी के इस बयान ने 84 के दंगों की याद ताजा करा दी। यह बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता व अल्पसंख्यक आयोग, उत्तर प्रदेश के पूर्व सदस्य सरदार एसपी सिंह ने सदस्यता अभियान के दौरान कहीं।

### दोयम दर्जे के नागरिक बना दिए गए थे सिख

सरदार एसपी सिंह ने कहा कि राहुल गांधी का कथन पूर्णतः असत्य और झूठ है। ऐसे दुष्प्रचार से वह समाज में वैमनस्य फैला कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। वास्तविकता यह है कि 1984 के दंगों में कांग्रेस सरकार में हजारों निर्दोष सिक्खों का कत्लेआम कराया गया था व उनकी ऐसी स्थिति कर दी गई थी कि सिक्ख डर के मारे न तो पगड़ी और न अपने धार्मिक चिन्हों का पहन पा रहे थे और न ही गुरुद्वारे जा पा रहे थे। उनकी स्थिति दोयम दर्जे के नागरिक की बन गई थी।

सरदार एसपी सिंह ने कहा कि वर्तमान में भाजपा का सदस्यता अभियान चल रहा है और समाज के सभी वर्गों में भाजपा की सदस्यता को लेकर बहुत उत्साह है। सभी वर्गों ने मिलकर भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाया है। आने वाले 25 वर्षों तक केन्द्र में एनडीए की सरकार कायम रहेगी और भारत विश्व की तीन बड़ी शक्तियों में स्थान बनायेगा। कविनगर में भाभी जी बुटीक के स्वामी हरमीत सिंह के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने मिस्ड काल करके भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।



### हिंदू- सिख भाईचारे को दो फाड़ नहीं होने देंगे

भाजपा नेता सरदार एसपी सिंह ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि सिक्ख डरने वाले नहीं हैं। कांग्रेस हिन्दू - सिक्ख भाईचारे को दो फाड़ करने के अपने मंसूबों को पूरा करने में कभी कामयाब नहीं हो पायेगी। हिन्दू- सिख समाज मिलकर भारत की विकास यात्रा में भाजपा के साथ है और रहेगा। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार संविधान के अनुसार सिक्खों की संस्कृति की रक्षा कर रही है और उन्हें पूरा मान सम्मान मिल रहा है।

### सिखों को मिल रहे सम्मान से परेशान हैं राहुल

एसपी सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में पूरे भारतवर्ष में पुनः सिक्खों का हर क्षेत्र में डंका बज रहा है। मोदी व योगी सरकार ने सिक्ख गुरुओं व महापुरुषों को, समाज के प्रति किये गए उनके सेवा कार्यों व देश व धर्म की रक्षा की खातिर दिये गए बलिदान को सम्मान दिया है और इस दिशा में कई ऐतिहासिक घोषणाएं भी की हैं। मोदी व योगी सरकार द्वारा सिक्खों को दिये गए सम्मान को कांग्रेसी पचा नहीं पा रहे हैं और अनर्गल प्रलाप करके सिक्खों को 84 के नाम पर डरा रहे हैं।

## पाठक की कलम से

प्रस्तुति करंट क्राइम

### वन नेशन वन इलेक्शन से सरकारी खजाने पर बोझ कम होगा : सुजीत पाल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** छात्रसंघ सचिव सुजीत पाल ने बताया है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश से किया एक और वादा आज पूरा कर दिए हैं। सुजीत पाल ने कहा कि मोदी कैबिनेट ने वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके तहत लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। सरकार संसद के शीतकालीन सत्र यानी नवंबर-दिसंबर में इस बारे में बिल पेश करेगी।

छात्रनेता सुजीत पाल ने कहा कि भारत के लिए यह कोई नया कॉन्सेप्ट नहीं है। देश में आजादी के बाद से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए गए थे। 1952, 1957, 1962 और 1967 में दोनों चुनाव एक साथ हुए थे, लेकिन राज्यों के पुनर्गठन और अन्य कारणों से चुनाव अलग अलग समय पर होने लगे। इससे जनता को बार-बार के चुनाव से मुक्ति मिलेगी। चुनावी खर्च बचेगा और वोटिंग परसेंट में इजाफा होगा। हर बार चुनाव कराने पर करोड़ों रुपये खर्च होते हैं, जो कि कम हो सकते हैं। इसके अलावा देश में राजनीतिक स्थिरता लाने में ये अहम रोल निभा सकता है। इलेक्शन की वजह से बार बार नीतियों में बदलाव की चुनौती कम होगी। सरकारें बार-बार चुनावी मोड में जाने की बजाय विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। प्रशासन को भी इसका फायदा मिलेगा, गवर्नेंस पर जोर बढ़ेगा। पॉलिसी पैरालिसिस जैसी स्थिति से छुटकारा मिलेगा। अधिकारियों का समय और एनर्जी बचेगी। इसका बड़ा आर्थिक फायदा भी है। सरकारी खजाने पर बोझ कम होगा और आर्थिक विकास में तेजी आएगी।




## किस टू-स्टार की बात चल रही है खराब

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में यूं तो दर्जनों टू-स्टार हैं लेकिन कुछ ही टू-स्टार ऐसे रहते हैं जो हमेशा टीआरपी और टविस्ट के साथ रहते हैं। सूत्रों की जुबानी सुनने में आ रहा है कि इन दिनों सिटी जोन के अंतर्गत सिटी वाले थानाक्षेत्र में एक रेलवे स्टेशन के पास वाले इलाके से सटी चौकी के टू-स्टार कि अपने प्रभारी और सर्किल वाले साहब से अंडर स्टेंडिंग ठीक नहीं चलने की जानकारी मिली है। टि्वनिंग खराब चलने की चर्चा सर्किल वाले कार्यालय से लेकर



थाने वाले कार्यालय तक हो रही है। वहीं सूत्रों ने बताया है कि वैसे तो चौकी वाला क्षेत्र बढ़िया माना जाता है लेकिन यहां टू-स्टार अपना शपथ प्रतिशत नहीं दे रहा है। जिसकी वजह से कई बार हंगामा और वीडियो वाली परेशानी भी आ चुकी है। सुनने में आया है कि इसके साथ ही थाने वाले प्रभारी के साथ भी टू-स्टार का मामला सेट नहीं चल रहा है और दोनों के बीच तालमेल को लेकर चर्चाएं हैं। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके का माहौल बना हुआ है, आने वाले दिनों में टू-स्टारों को लेकर कोई आदेश सुनाई दे सकता है। वहीं सर्किल वाले साहब की भी इलाके की गतिविधियों पर नजरें रखे होने की जानकारी मिली है। वहीं बताया जा रहा है कि थाने वाले प्रभारी ने भी ज्यादा तालमेल चौकी प्रभारी के साथ नहीं बैठाया है। अब सूत्र बता रहे हैं कि ऐसा इसलिए चल रहा है क्योंकि चौकी वाले टू-स्टार थोड़ा स्टाइल में रहते हैं। उनके स्टाइल के चलते ही उनकी एक सर्किल के साहब से भी थोड़ी मिस अंदर स्टैंडिंग हो गई थी। वहीं साहब के कार्यालय में भी टू-स्टार ने अपना जलवा दिखाने का कोशिश की थी लेकिन फटकार मिलने की वजह से वह शांत बैठ गए थे। जानकारी के अनुसार जिस तरीके का इन दिनों सिटी वाले थानाक्षेत्र में माहौल चल रहा है ठीक नहीं है। यहां बीते दिनों महाराज जी के कार्यक्रम का एक मामला वैसे ही टाइट चल रहा है। अब टाइट माहौल के बीच अगर टू-स्टार ने ज्यादा टशन दिखाई तो मामला फाइट और अधिकारियों द्वारा राइट डिसीजन लेने का भी आ सकता है। इसी के साथ सुनने में आया है कि जिस सर्किल का यह मामला है, इस सर्किल में एक सीनियर टू-स्टार की भी इन दिनों मनमर्जी चल रही है। सीनियर टू-स्टार चौकी को छोड़कर इस पद पर आए हैं। देखना है कि दोनों टू-स्टार को लेकर आने वाले दिनों में कैसी और किस प्रकार की सूचना अधिकारियों के कमरे से आउट होती हैं।

## मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर 2 राम वाटिका पार्क में भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ रविवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। सात दिवसीय भागवत कथा समारोह के पहले दिन कथा व्यास संजीव शास्त्री ने विधि-विधान के साथ वेदी पूजन किया गया। तत्पश्चात भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं मंगल कलश सिर पर धारण कर प्रभु का गुणगान करते हुए चल रही थी। कलश यात्रा कालोनी के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस राम वाटिका पार्क पर पहुंचकर संपन्न हुई। कथा व्यास संजीव शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत के अनुसरण से भक्त का कल्याण होता है और जीवन में सुख व शांति का अनुभव होता है। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का अवसर बड़े सौभाग्य से प्राप्त होता है। इन अवसर पर नारायण कथा समिति के अध्यक्ष सुभाष सिंह, संयोजक केपी यादव, शशि, पूनम सिंह, संध्या सिंह, सुमन यादव, काजल सिंह, शकुंतला दीक्षित, रेखा प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।

## करणी सेना अध्यक्ष विवेक तोमर ने किया कई जिलों का भ्रमण





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को संगठन के कार्यों के सिलसिले में प्रदेश अध्यक्ष, विवेक तोमर जी द्वारा अलीगढ़, उत्तर प्रदेश का भ्रमण किया गया। जिसके दौरान टीम अलीगढ़ द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ संदीप सिंघल, प्रदेश प्रभारी शालिनी गोयल, प्रदेश अध्यक्ष विवेक तोमर, प्रदेश संगठन कुलदीप सिंह, प्रदेश मंत्री अवनीश राघव एवं गाजियाबाद प्रभारी मोहित चौधरी का स्वागत किया गया। जिसके बाद धीरेंद्र सिंह को नियुक्ति पत्र देकर अलीगढ़ का नया जिला अध्यक्ष बनाया गया और संगठन के उद्देश्यों और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई।

## पार्षद धीरज अग्रवाल ने सेवा पखवाड़ा के तहत किया पौधारोपण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत इंदिरापुरम वार्ड 81 पार्षद धीरज अग्रवाल के नेतृत्व में शक्तिखण्ड तीन के पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी साल के 365 दिन सेवा भाव से काम करने वाली पार्टी है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पार्टी सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम कर रही है उसी के अन्तर्गत पार्टी द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। पार्टी कार्यकताओं ने कई प्रकार के पौधे लगाया। पर्यावरण के लिए पौधरोपण लगाना बहुत आवश्यक है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी ने कहा की पार्टी इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी जानता को संदेश देना चाहती है की समाज के सभी लोगों को पौधे अवस्य लगना चाहिए। हम सभी को पौधे लगना के साथ साथ उसका संरक्षण भी करना चाहिए। इस अवसर पर महामंत्री अनिल कटारिया, देवाशीष दत्त, प्रधान जितेंद्र सिंह, प्रदीप रावत, जगत सिंह, जितेंद्र रावत, गौरव खन्ना, अनिल अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# अमेरिका-भारत के बीच मेगा डील

## ड्रोन से लेकर सेमीकंडक्टर तक इन क्षेत्रों में बनी सहमति

**न्यूयॉर्क ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ बेहद सार्थक बैठक की और इस दौरान दोनों नेताओं ने आपसी हितों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र सहित वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया। राष्ट्रपति बाइडन ने शनिवार को डेलावेयर के ग्रीनविले स्थित अपने आवास पर उनका स्वागत किया।

इस मुलाकात के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। दोनों देशों के बीच हुई इस द्विपक्षीय वार्ता के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं। जानें भारत और अमेरिका के बीच कौन-कौन सी डील हुई हैं।

**ड्रोन और लड़ाकू विमान को लेकर बड़ी डील:** भारत अमेरिका के बीच ड्रोन और लड़ाकू विमान की खरीद को लेकर एक बडा करार हुआ है। भारत अमेरिका से 31 जनरल एटॉमिक्स एमक्यू-9बी (16 स्काई गार्डियन और 15 सी गार्डियन) ड्रोन की खरीदने जा रहा है। अमेरिका ने फरवरी में भारतीय राष्ट्रपति बाइडन ने सभी विमानों और विमान इंजनों के पार्ट्स सहित रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) क्षेत्र पर 5 प्रतिशत की एक समान वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) निर्धारित करने के भारत के फैसले का स्वागत किया। जिससे भारत में एमआरओ सेवाओं के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा।



### स्पेस में साथ मिलकर काम करने पर सहमति

अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी क्षेत्र में दोनों नेताओं ने 2025 में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर वैज्ञानिक अनुसंधान करने के लिए नासा और इसरो के पहले संयुक्त प्रयास की प्रशंसा की है। बता दें कि, इसरो और नासा स्पेस रिसर्च में साथ मिलकर काम कर रहे हैं। ग्रीन एनर्जी सेक्टर पीएम मोदी और राष्ट्रपति बाइडेन ने सुरक्षित वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा सप्लाई चेन बनाने के लिए यूएस-इंडिया रोडमैप की सराहना की।

बता दें कि कई अमेरिकी विमानन कंपनियां मानव रहित यान की मरम्मत की सुविधा भारत में विकसित करने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश करना चाहती है सेमीकंडक्टर बनाने में अमेरिका भारत की करेगा मदद भारत और अमेरिका के बीच सेमीकंडक्टर के निर्माण को लेकर एक बड़ी डील हुई है। दोनों देशों ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एडवांस सेंसिंग, संचार और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स पर केंद्रित एक नया सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण व्यवस्था की प्रशंसा की है। यह प्लांट कोलकाता में स्थापित होगा। पीएम मोदी ने कहा कि इस कदम से भारत को सेमी, थर्डटेक और यूएस स्पेस फोर्स के बीच रणनीतिक टेक साझेदारी से सक्षम किया जाएगा।

# अमेरिका-चीन में तनातनी; 'बीजिंग हमारी परीक्षा ले रहा', हॉट माइक पर क्वाड नेताओं से बोले जो बाइडन

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका और चीन के बीच के हालात कुछ सही नहीं नजर आ रहे है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को एक हॉट माइक पर क्वाड देशों के नेताओं से यह कहते हुए सुना गया कि चीन हमारी परीक्षा ले रहा है। इससे उभरते चीनी खतरे के प्रति अमेरिका की गंभीरता का पता चलता है।

इडन की यह टिप्पणी शनिवार को क्वाड लीडर्स समिट के दौरान सामने आई। इस समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भाग लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने नेताओं से कहा, 'हमारा मानना है कि शी जिनफिंग घरेलू आर्थिक चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं और चीन में अशांति को कम करना चाहते हैं।'

### जिनपिंग कुछ कूटनीतिक स्थान चाह रहे

शिखर सम्मेलन स्थल से रिपोर्टर के बाहर निकलते समय उनकी



शुरूआती टिप्पणी हॉट माइक पर कैद हो गई। बाइडन को यह कहते हुए सुना गया, 'मेरे विचार से चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग बीजिंग के हितों को आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाने के लिए अपने लिए कुछ कूटनीतिक स्थान चाह रहे हैं। चीन लगातार आक्रामक व्यवहार कर रहा है। आर्थिक और प्रौद्योगिकी मुद्दों सहित कई मोर्चों पर हमारी परीक्षा ले रहा है।'

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही हमारा मानना है कि कड़ी प्रतिस्पर्धा के लिए कूटनीति की जरूरत होती है। हालांकि, एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने बाद में इस बात को तवज्जो नहीं देने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मेरे पास इस बारे में विस्तार से बताने के लिए बहुत कुछ है। यह पहले कही गई बातों के अनुरूप है और मुझे नहीं लगता कि यह बहुत आश्चर्य की बात होगी कि हमारी अंदरूनी आवाज हमारी बाहरी आवाज से मेल खाती है।' **'यह कोई आश्चर्य की बात नहीं :** उन्होंने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि यह आश्चर्य की बात नहीं है कि चीन एजेंडे में रहा होगा। यह एक हिंद-प्रशांत सम्मेलन है। यह एक हिंद-प्रशांत साझेदारी है। चीन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक प्रमुख देश है। लेकिन मुझे लगता है कि यह कहना भी उचित होगा कि एजेंडे में कई अन्य विषय भी थे।'


### क्षेत्रीय विवादों में उलझा हुआ चीन

चीन दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर दोनों में क्षेत्रीय विवादों में उलझा हुआ है। वह पूरे दक्षिण चीन सागर पर संप्रभुता का दावा करता है।

वियतनाम, मलेशिया, फिलीपींस, ब्रुनेई और ताइवान भी इसके खिलाफ दावे करते हैं।

# कमला हैरिस ने ट्रंप को एक और बहस की चुनौती दी

**वॉशिगटन ।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस को एक बार फिर राष्ट्रपति पद की बहस के लिए



सीएनएन ने आमंत्रित किया है, जिसे कमला हैरिस ने स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही हैरिस ने अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को इसे स्वीकार करने की चुनौती दी है। बता दें कि कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप ने इस महीने की शुरूआत में एबीसी न्यूज द्वारा संचालित राष्ट्रपति पद की बहस में भाग लिया था, जिसमें उपराष्ट्रपति हैरिस पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ लक्षित कटाक्षों के साथ हावी होती हुई दिखाई दी थीं।

# बाइडन के लिए चांदी का ट्रेन मॉडल, उनकी पत्नी को पश्मीना शॉल, खास मित्र को पीएम मोदी ने दिए बहुमूल्य तोहफे

**वॉशिंगटन ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिनों के लिए अमेरिका दौरे पर हैं। यहां उन्होंने क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात की। दरअसल, क्वाड सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रपति बाइडन के गृह नगर जेलावेयर में ही किया गया। पीएम मोदी के साथ केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भी अमेरिका में ही मौजूद हैं। राष्ट्रपति बाइडन ने डेलावेयर में अपने आवास पर पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी ने इस मुलाकात पर बाइडन को खास तोहफे भी दिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को चांदी का हाथ से बनाया हुआ बहुमूल्य ट्रेन का मॉडल उपहार में दिया। यह ट्रेन मॉडल एक दुर्लभ नमूना है। इसे महाराष्ट्र के कारीगरों ने तैयार किया है। 92.5% चांदी से बना यह मॉडल भारतीय कल का दशार्ता है। ये ट्रेन का मॉडल भारत में भाप से चलने वाले इंजन के दौर को दशार्ता




है। इस ट्रेन में दिल्ली-डेलावेयर भी लिखा हुआ है। बता दें कि डेलावेयर राष्ट्रपति जो बाइडन का गृहनगर है।

अमेरिका की फर्स्ट लेडी जिल बाइडन को पीएम मोदी ने पश्मीना शॉल उपहार में दिया। पश्मीना शॉल पारंपरिक रूप से जम्मू-कश्मीर से ह्यपापियर माशे डिब्बे में पैक करके दी जाती हैं। ये डिब्बे अपनी मनमोहक सुंदरता और शिल्प कौशल के लिए प्रसिद्ध हैं। ये कागज की लुगदी, गोंद और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों के मिश्रण का उपयोग करके हाथ से बनाए जाते हैं। प्रत्येक बक्सों की कलाकारी अलग है, जो कश्मीरी कला को दशार्ती है।

पीएम मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका दौरे पर हैं। यहां क्वाड सम्मेलन के बाद आज पीएम मोदी न्यूयॉर्क में भारतीय प्रवासियों से मिलेंगे। उनकी एक झलक पाने के लिए भारतीय प्रवासी काफी ज्यादा उत्साहित हैं।

बता दें कि यह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का भी आखिरी क्वॉड शिखर सम्मेलन है, क्योंकि अगले साल 20 जनवरी को उनका कार्यकाल समाप्त हो जाएगा ।

# 2025 में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा भारत, विदेश सचिव ने दी जानकारी



### क्वाड में पीएम ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विभिन्न हिस्सेदारियों पर दिया जोर

प्रधानमंत्री ने क्वाड के अन्य नेताओं के साथ मिलकर क्वाड नेताओं द्वारा शुरू की जा रही कैंसर मूनशॉट पहल के शुभारंभ में भाग लिया, जिसका उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करना है। विक्रम मिस्री ने बताया कि, आज बहुपक्षीय बैठकों में प्रधानमंत्री मोदी ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विभिन्न भागीदारों के साथ विकास के लिए सहयोग, संपर्क और जुड़ाव के लिए भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। आज बहुपक्षीय बैठकों में पीएम मोदी ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विभिन्न भागीदारों के साथ विकास के लिए सहयोग, संपर्क और जुड़ाव के लिए भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। अन्य क्वाड नेताओं द्वारा भारत के कार्यों को स्वीकार करना आश्चर्यजनक था। विक्रम मिस्री ने कहा कि, भारत का जोर संघर्ष और विभाजन को कम करने पर है। वकास के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों का लाभ उठाना और सुशासन लाने में प्रौद्योगिकी और डिजिटल क्रांति की भूमिका को उजागर करना।

**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका दौरे के शनिवार (21 सितंबर) को राष्ट्रपति बाइडन के होमटाउन डेलावेयर पहुंचे। अपने तीन दिवसीय दौरे के पहले दिन पीएम मोदी क्वाड सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी हुई।

जिसमें कई अहम बिंदुओं पर सहमति बनी है। साथ ही बैठक में इस पर भी सहमति बनी है कि, भारत 2025 में क्वाड की मेजबानी करेगा।

### अगले क्वाड सम्मेलन की मेजबानी करेगा भारत

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री बताया कि, भारत 2025 में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। पीएम मोदी ने 2025 में भारत में क्वाड लीडर्स के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की पेशकश की। जिस पर सभी क्वाड नेताओं ने सहमति जताई है।

पीएम मोदी के दौरे की जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी नई दिल्ली से साढ़े 15 घंटे की उड़ान के बाद फिलाडेल्फिया पहुंचे और सीधे विलमिंगटन में राष्ट्रपति बाइडन के निजी आवास पर राष्ट्रपति बाइडन के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल हुए।

### पीएम मोदी ने बाइडेन को दिया धन्यवाद

विदेश सचिव ने बताया कि, राष्ट्रपति बाइडेन के साथ द्विपक्षीय बैठक और क्वाड शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए राष्ट्रपति बाइडन को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। पीएम मोदी की प्रधानमंत्री किशिदा और प्रधानमंत्री अल्बानीज के साथ हुई बैठकों लेकर उन्होंने बताया कि, यह विदाई बैठक की तरह थी।

क्योंकि इस महीने के अंत में जापान में चुनाव होने हैं। प्रधानमंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों में प्रधानमंत्री किशिदा द्वारा किए। गए योगदान की बहुत ही खुले दिल से सराहना की। अगले वर्ष भारत-जापान की विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ भी है।

# पाकिस्तानी अत्याचार के खिलाफ भारत के जावेद बेग ने उठाई आवाज

**जेनेवा ।** कश्मीरी कार्यकर्ता जावेद बेग ने जेनेवा में यूएनएचआरसी के 57वें सत्र में गिलगित बाल्टिस्तान के लोगों पर पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे अत्याचारों का खुलासा किया। कश्मीर के किसी भारतीय कार्यकर्ता की ओर से पहली बार संयुक्त राष्ट्र के मंच पर यह मुद्दा उठाया गया है। गौरतलब है कि गिलगित बाल्टिस्तान पाकिस्तान



अधिकृत कश्मीर का हिस्सा है। बेग ने जेनेवा में कहा, पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में सरकार और स्थानीय प्रशासन लोगों के साथ गुलामों की तरह व्यवहार कर रहा है। स्थानीय प्रशासन असहमति को समाप्त करने, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने के लिए अल्पसंख्यकों का लगातार उत्पीड़न कर रहा है।

# तस्करी किए प्राचीन खजाने को वापस लाने की पीएम मोदी की कोशिश हुई सफल

**वॉशिगटन ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिलहाल अमेरिका के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्हें एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दरअसल, अमेरिका ने भारतीय संस्कृति से जुड़ी 297 ऐसी



नायाब वस्तुएं लौटा दी हैं जो कि तस्करी के जरिए देश से बाहर चली गई थीं। कीमती और प्राचीन वस्तुओं की चोरी और तस्करी लंबे समय से गंभीर समस्या रही है। 2014 के बाद से भारत को विदेश से लगभग 640 धरोहर वापस मिल चुकी हैं। **राष्ट्रपति बाइडन का जताया आभार :** प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट कर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का आभार जताया है।

# भारत को मिला अमेरिका का साथ, यूएन में स्थायी सदस्यता की दावेदारी का किया समर्थन

**वॉशिंगटन ।** क्वाड समिट में हिस्सा लेने अमेरिका पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई है। पीएम मोदी का यह अमेरिकी दौरा काफी अहम माना जा रहा है। इस वार्ता में सबसे बड़ी बात यह निकलकर आई है कि, अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थाई सीट का समर्थन किया है।

### यूएन में सुधार का अमेरिका ने किया समर्थन

वार्ता के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहा है कि अमेरिका वैश्विक संस्थानों में सुधार की पहल का समर्थन करता है, ताकि भारत की महत्वपूर्ण आवाज को सही मंच मिले। जिसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत के लिए स्थायी सदस्यता भी शामिल है। राष्ट्रपति बाइडेन का यह अहम बयान रविवार को क्वाड लीडर्स समिट




के दौरान आया। जिसमें पीएम मोदी, जापान के पीएम फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के एंथनी अल्बानीस शामिल हुए थे। **'यूएनएससी का रिफॉर्म समय की मांग है' :** राष्ट्रपति बाइडन से मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि यूएनएससी का गठन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद हुआ था। उस समय दुनिया अलग परिस्थियों का सामना कर रहा था।

उन परिस्थितियां को ध्यान में रखकर ही यूएन में देशों को शामिल किया गया था। अब काफी लंबा समय गुजर चुका है। मौजूदा दौर में विश्व अलग तरह की चुनौतियों का सामना कर रहा है।

ऐसे में यूएनएससी का रिफॉर्म समय की मांग है। **भारत-अमेरिका साझेदारी विश्व के लिए अहम ।** क्वाड सम्मेलन के दौरान चारों देशों के नेताओं ने यूएनएससी में सुधार के लिए समर्थन की शपथ ली। जिसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सदस्यता की स्थायी और अस्थायी श्रेणियों में विस्तार भी शामिल है। एक संयुक्त बयान में क्वाड नेताओं ने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी विश्व के लिए एक स्वच्छ, समावेशी, अधिक सुरक्षित और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण के प्रयासों की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।

### क्या है क्वाड सम्मेलन?

क्वाड चार देशों का एक समूह है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, भारत, अमेरिका और जापान शामिल हैं। क्वाड चार देशों का एक अनौपचारिक मंच हैं, जहां मिलकर रणनीति बनाते हैं। इस समूह का मकसद समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना है। यह छठा क्वाड शिखर सम्मेलन था, जो अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के पद छोड़ने से पहले उनका 'विदाई' शिखर सम्मेलन भी माना जा रहा है।

इस साल क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने गृहनगर विलमिंगटन में की।

# कैमरे उठाओ और निकलो, अल जजीरा के दफ्तर में घुसे इस्राइल के हथियारबंद सैनिक, चैनल बंद करने को कहा

**यरुशलम ।** हमास और इस्राइल के बीच युद्ध बीते 11 महीनों से जारी है। फिर भी जंग थमने का कोई आसार नहीं दिख रहा। इस्राइल द्वारा की जा रही जवाबी कार्रवाई गाजा पर लगातार भारी पड़ती जा रही है। कई देश इस्राइल की लगातार आलोचना कर रहे हैं। इस बीच, कतर के प्रसारक अल जजीरा ने बताया कि इस्राइली बलों ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक के रामल्ला स्थित कार्यालय पर छापा मारा। साथ ही 45 दिन के लिए बंद करने का आदेश जारी किया।

### कार्यालय बंद करने का आदेश दिया

अल जजीरा के अनुसार, रविवार तड़के भारी हथियारों से लैस और नकाबपोश इस्राइली सैनिक कार्यालय में आए। नेटवर्क के वेस्ट बैंक ब्यूरो प्रमुख वालिद अल-ओमारी को कार्यालय बंद करने का आदेश दिया। हालांकि, सैनिकों ने यह नहीं बताया कि आखिर कार्यालय बंद करने का फैसला क्यों लिया।कतार के प्रसारक



ने बताया, एक इस्राइली सैनिक ने पत्रकार वालिद अल-ओमारी से कहा कि अल जजीरा को 45 दिनों के लिए बंद करने का न्यायालय का आदेश है। यहां तक कि सैनिक ने अरबी में कहा, 'मैं आपको सभी कैमरे लेने और इसी समय कार्यालय छोड़ने को कहता हूं।'

### मई में लगाया था अल जजीरा के संचालन पर प्रतिबंध

यह छापेमारी मई में इस्राइल द्वारा देश के अंदर अल जजीरा के संचालन पर प्रतिबंध लगाने के कुछ महीनों बाद की गई है। इस्राइल ने कहा था कि इससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है। मई में इस्राइली अधिकारियों ने अल जजीरा द्वारा अपने कार्यालय के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले यरुशलम होटल के कमरे पर भी छापा मारा था।

अल जजीरा ने प्रतिबंध की निंदा करते हुए इसे मानव अधिकारों और सूचना तक पहुंच के मूल अधिकार का उल्लंघन करने वाला आपराधिक कृत्य बताया था। नेटवर्क ने एक बयान में कहा, 'इस्राइल द्वारा गाजा पट्टी में अपने कार्यों को छिपाने के प्रयास के रूप में देखी जा रही ।

# ईरान की खदान में मीथेन रिसाव के कारण हुआ विस्फोट, 19 लोगों की मौत



**तेहरान ।** मिडिल ईस्ट के देश ईरान में शनिवार की रात 9 बजे कोयला खदान में हादसा हुआ। ईरान में एक कोयला खदान में मीथेन रिसाव की वजह से विस्फोट हुआ। ईरानी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, इस विस्फोट में लगभग 30 लोगों की मौत हुई और 17 लोग घायल हो गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक कोयला खदान में यह विस्फोट राजधानी तेहरान से 540 किलोमीटर दूर मौजूद तबस में हुआ। कोयला खदान में यह हादसा देर रात शनिवार को हुआ। विस्फोट के बाद अधिकारी फौरन घटना स्थल पहुंचे और राहत-बचाव का कार्य शुरू किया गया। जानकारी के मुताबिक विस्फोट के समय कोयला खदान में लगभग 70 लोग काम कर रहे थे।

### पहले भी हुए ईरान खदान में हादसे

ईरान के कोयला खदान में ऐसा हादसा पहली बार नहीं हुआ है, इससे पहले भी ईरान में समय-समय पर ऐसे हादसे सामने आते रहे हैं। साल 2013 में, दो अलग-अलग खदान में घटनाएं सामने आई। इन हादसों में 11 मजदूरों की मौत हुई थी। इससे पहले साल 2009 में भी समय-समय पर कई घटनाएं सामने आई, जिसमें 20 मजदूर मारे गए थे। साल 2017 में, एक कोयला खदान में विस्फोट हुआ था, जिसमें कम से कम 42 लोगों की मौत हुई थी।

### हादसों की क्या है वजह

ईरान में लगातार खनन क्षेत्रों में सामने आए विस्फोट और हादसों के लिए सुरक्षा मानकों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। साथ ही जिस समय यह हादसे सामने आए उस समय खदान में मजदूर काम कर रहे थे और अचानक से विस्फोट होने पर वहां से भागने के लिए आपातलाकीन सेवाएं मौजू नहीं थी।

इसी के चलते अपर्याप्त आपातकालीन सेवाओं को अक्सर मौतों के लिए दोषी ठहराया जाता है।







### ईरान में कोयले की कितनी खपत

जहां एक तरफ ईरान तेल के प्रोडक्शन के लिए जाना जाता है. वहीं, ईरान में कई तरह के खनिजों (MINERALS) का प्रोडक्शन भी काफी ज्यादा है. ईरान सालाना लगभग 3.5 मिलियन टन कोयले की खपत करता है। लेकिन अपनी खदानों से हर साल सिर्फ 1.8 मिलियन टन ही कोयला निकालता है। बाकी के कोयले का आयात किया जाता है, जिसे अकसर देश की स्टील मिलों के लिए इस्तेमाल किया जाता है।




# विकास की राह में कोई पीछे न छूटे, सबका साथ, सबका विकास सरकार की प्राथमिकता:असीम अरुण

## अमृत काल में सहभागिता कार्यक्रम से जुड़े गजियाबाद के उद्यमी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरुवार को समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने अमृत काल में सहभागिता कार्यक्रम में कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक न्याय को संविधान के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया है। जिससे समाज के सभी वर्गों को अवसर की समानता प्राप्त हो। डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम कर रही है। प्रभारी मंत्री इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक करना और वित्तीय सहायता कैसे प्राप्त की जाए, इसकी जानकारी प्रदान करना रहा।






### रोजगारपरक योजनाओं की दी जानकारी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी जिले के युवाओं को प्रदान की। इस मौके पर सिडबी, बैंक, जिला उद्योग केंद्र, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विभाग के अधिकारियों ने नागरिकों को रोजगार व उद्यमिता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर नागरिकों को उनके पसंद के रोजगार कार्यक्रम में पंजीकरण कर उद्यम संचालित करने के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने की जानकारी बैंकों द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र और विद्यार्थियों को मोबाइल भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में बीजेपी महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, ब्लॉक प्रमुख भोजपुर सुचेता सिंह, सीडीओ अभिनव गोपाल, संयुक्त निदेशक समाज कल्याण मेरठ मंडल पीके त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी गाजियाबाद अमरजीत सिंह सहित काफी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### विकास की राह में कोई पीछे न छूटे

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम कर रही है। सरकार ने समाज के हर वर्ग को उद्यमिता से जोड़ते हुए रोजगारपरक बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं को शुरू किया है। ताकि समाज में आर्थिक विषमता न रहे। हम सब एक दूसरे की मदद कर आगे बढ़ने में योगदान दें। सरकार के समर्थन से रोजगार के लिए आर्थिक सहायता बैंकों द्वारा प्रदान की जा रही है। प्रभारी मंत्री ने कहा, बीजेपी सरकार सभी क्षेत्रों में जा कर योजनाओं से संबंधित प्रस्तुतिकारण करती है, जिससे सभी को पता चल जाता है कि उनके लिए कौन कौन सी योजनाएं चल रहीं हैं और उनका लाभ कैसे लेना है। जबकि पिछली सारकारों में योजनाएं सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहती थीं। मा मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान तक पहुंच रहा है।

# नगर आयुक्त ने पांचो जोन में लगवाए सफाई मित्रों के स्वास्थ्य प्रशिक्षण हेतु कैंप, 4500 सफाई मित्रों का हुआ हैल्थ चैकअप

## सफाई मित्रों के स्वास्थ्य का स्वस्थ होना शहर हित में जरूरी:नगर आयुक्त





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत लगातार गाजियाबाद नगर निगम अभियान के रूप में कार्य कर रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा इस अभियान को सफाई के साथ-साथ सफाई मित्रों के स्वास्थ्य से भी जोड़ा है। गाजियाबाद नगर निगम में कार्य करने वाले सफाई मित्रों के स्वास्थ्य का प्रशिक्षण शहर के पांचो जोन में किया जा रहा है जिसमें अर्बन हेल्प सेंटर पर उपस्थित डॉक्टर हेल्थ चेकअप कर रहे हैं जिसमें शुगर का चेकअप, ब्लड प्रेशर का चेकअप, ब्लड की जांच व अन्य रुटीन चेकअप कराया जा रहा है। यदि कार्य करते समय सफाई मित्र को किसी प्रकार की चोट आई है तो उसका भी तत्काल उपचार कराया जा रहा है। लगभग 4500 से अधिक सफाई मित्र का स्वास्थ्य प्रशिक्षण कराया गया है। गाजियाबाद नगर आयुक्त द्वारा सफाई मित्रों का मनोबल बढ़ाते हुए उनका शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के साथ-साथ अपना खुद का भी ध्यान रखने के लिए कहा गया है। शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सफाई मित्रों का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है जिसके लिए सभी आंतरिक वार्डों में मुख्य चौराहों पर लगे हुए सफाई मित्रों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण जोन वार कराया जा रहा है।

# प्रभारी मंत्री असीम अरूण ने ई रिक्शा चालकों को दिलाई भाजपा की सदस्यता





*गाजियाबाद करंट क्राइम। विजयनगर स्थित बीमा बाई पार्क के अंदर ई रिक्शा चालकों द्वारा सदस्यता अभियान का कार्यक्रम रखा गया। समाज कल्याण के मंत्री असीम अरुण, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग एवं महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा अभियान कार्यक्रम को गति देने के लिए पहुंचे। सभा में एकत्रित ई रिक्शा चालकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि योगी सरकार के मंत्री असीम अरुण ने कहा देश के हर नागरिक के जीवन में खुशहाली लाने का काम भाजपा सरकार कर रही है। भारत को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाना मोदी का लक्ष्य है और उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाना प्रदेश के मुखिया योगी का। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी दिन रात काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा पार्टी बिना किसी भेदभाव के समाज के हर जाति धर्म के लोगों को सदस्यता अभियान से जोड़ रही है।*

*सांसद अतुल गर्ग ने कहा जिन लोगों के पास निश्चित आय नहीं है चाहे वो रिक्शा चालक हों या फुटपाथ पर सब्जी बेचने वाले लोग हों इनके लिए सरकार एक पॉजिटिव सोच के साथ लाभ से जोड़ने में तत्पर है। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के द्वारा स्थानीय रिक्शा चालकों से सदस्यता से जुड़ने का आह्वान करते ही समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने यहां जुटे रिक्शा चालकों को फोन नंबर 8800002024 बताया। फिर सभी से अपना मोबाइल ऊपर उठाकर इसे डायल करने को कहा। उनके बोलते ही सैकड़ों हाथ मोबाइल के साथ उपर आ गए। लोगों ने नंबर डायल कर पार्टी की सदस्यता ली। मंत्री ने सैकड़ों लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। मंत्री असीम अरुण, सांसद अतुल गर्ग और अध्यक्ष संजीव शर्मा ने रिक्शा चालकों से बात की तथा उनकी समस्याएं भी जानीं। इस अवसर पर आईटी सेल की संयोजक प्रियंका प्रियदर्शिनी एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। भरी दुपहरी में इन्होंने रिक्शा चालकों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम के दौरान ई-रिक्शा चालक संगठन के पदाधिकारी, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, संदीप त्यागी, पार्षद पूनम सिंह, ई रिक्शा चालक आदि मौजूद रहे।*

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन यूपी अध्यक्ष, बीवीसीआइ के वाइस चेयरमैन रविंद्र त्यागी सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। वो कई जानकारियां बेहद रोचक तरीके से इस प्लेटफॉर्म पर साझा करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस पर रविंद्र त्यागी ने देवी स्वरूप बेटियो को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। तीन बेटी फिर बहु ने बेटी का स्थान लिया। 4 बेटियों को बधाई शुभकामनाए आशीर्वाद शुभाशीष देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# भाजपा महानगर कार्यालय पर सोशल मीडिया आईटी की बैठक संपन्न



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार को भाजपा महानगर कार्यालय पर भाजपा सोशल मीडिया और आईटी टीम की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय सह संयोजक सोशल मीडिया हर्षवर्धन शर्मा, क्षेत्रीय संयोजक आईटी अंबर स्वामी उपस्थित रहे। इस बैठक मे महानगर महामंत्री सुशील गौतम, महानगर उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, सदस्यता अभियान सह संयोजक संदीप त्यागी भी उपस्थित रहे। मंच संचालन संयोजक सोशल मीडिया प्रतीक माथुर ने किया और अध्यक्षता प्रियंका प्रियदर्शनी द्वारा की गई। इंदिरापुरम मंडल सोशल मीडिया संयोजक धीरज शर्मा के व्यक्तिगत 500 सदस्य और आईटी संयोजक शहर मंडल यश गोयल के व्यक्तिगत 400 सदस्य होने पर पटका पहनाकर सम्मान किया गया। पायल शर्मा का वसुंधरा मंडल मे नवनियुक्त सह संयोजक बनने पर सम्मान किया गया। संयोजक क्रॉसिंग मंडल दीपशिखा माहेश्वरी दीदी के जन्मदिन होने के अवसर पर उनको पटका पहनाकर बधाइयां दी गई। इस बैठक मे महानगर सोशल मीडिया संयोजक प्रतीक माथुर, आईटी संयोजक प्रियंका प्रियदर्शनी, सह संयोजक गौरीश बंसल, राजकुमार, संजय प्रजापति, राहुल प्रकाश, अश्वनी अग्रवाल, अनुराग मिश्रा, सत्येंद्र सिंह, राजेश चतुर्वेदिया, प्रयाम सक्सेना, राज तिवारी, हेमा नेगी, दीपशिखा माहेश्वरी, पंकज जैन, राजीव तिवारी, सौरभ चतुर्वेदी एवं सभी मंडलों के सोशल मीडिया एवं आईटी मंडल पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम उठते सवालों का करंट



दीपक भाटी
समाचार सम्पादक

- क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था एक दावेदार के पास? वो कर रहे थे कोर्ट से पक्की नकल निकलवाने की बात? ये शब्द कहते हुए उनके चेहरे पर दिखाई दे रही थी बड़ी कातिल मुस्कुराहट? कह रहे थे कि कुछ-कुछ मुझको भी डॉक्टरी आ गई है साहब? मुन्ना भाई एमबीबीएस की तरह मैं कर दूंगा एक दावेदार का ईलाज?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा काले कोट वाले गुंजन भैय्या के दिल में भी हैं दर्द-ए-दिल का सैलाब? मगर वो भगवा झा स्टाईल में नहीं दिखाते हैं अपना अंदाज? मन में वो रख लेते हैं सारी बात? दर्द में भी दिखाई देती है उनके चेहरे पर मुस्कुराहट? वो जानते हैं अपनी पार्टी का कायदा? उन्हें पता है ज्यादा शोर मचाने से सामने वाले का ज्यादा कुछ नहीं बिगड़ता? बल्कि फैल जाता है अपना ही रायता?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि शुक्ला जी ने लाईन पार की कार्यकर्ताओं की सीएम साहब के कार्यक्रम में जो उठाई है अनदेखी वाली आवाज? सच बताऊं इस आवाज पर मुझे हो रहा है बहुत ज्यादा नाज? मैं इससे भी ज्यादा करना चाहता हूं नाज महसूस? मैं चाहता हूं कि शुक्ला जी सदस्यता अभियान का भी दें दें थोड़ा बहुत सबूत? कर दें वो सोशल मीडिया पर अपनी सदस्यता की स्क्रीनशॉट वाली स्क्रीन शेयर? जो व्यक्ति कार्यकर्ताओं के लिए इतना सीरियस है? जाहिर है वो करता होगा पार्टी की भी केयर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जैसे-जैसे समय आगे बढ़ रहा है? वैसे-वैसे बढ़ रहा है शहर सीट के लिए भगवा कमांडर संजीव शर्मा का भी लगाव? हमने देखा आजकल वो रालोद वालो को भी दे रहे हैं बहुत ज्यादा भाव? उन्होंने मंत्री जी से भुल्लन भैय्या की मुलाकात कराकर खूब की उनकी केयर? इतना ही नहीं जब भुल्लन भैय्या ने इस मुलाकात की फोटो को फेसबुक पर अपलोड किया? तब कमांडर ने उनकी इस पोस्ट को भी किया शेयर? भगवा कमांडर किसी की पोस्ट करें शेयर? ऐसे मामले दिखाई देते हैं बहुत ही रेयर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बता रहा हूं आपको नदिया पार वाले एक मैम्बर की बात? ठेले और निर्माण वालों से स्पेशल सहयोग लेने का उनका गजब है अंदाज? इसके लिए उन्होंने तैयार किये हुए हैं दो प्रतिनिधि? एक प्रतिनिधि ठेले वालों से तो दूसरा प्रतिनिधि करता है निर्माण कार्य करने वालों से डीलिंग? अब दोनों तरफ से स्मूद हो गई है फीलिंग? हमें पता है उनके जीजा जी को नहीं अच्छी लगेगी ये बात? ना जाने क्या-क्या घट रहा है नदिया पार में साहब?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवागढ़ पार्षद ने अपने यहां पर करवाया पौधारोपण का कार्यक्रम? इस कार्यक्रम में यहां के भगवा कमिश्नर भी मौजूद थे श्रीमान? सुना है जैसे ही पाया कमिश्नर ने मौका? वैसे ही मार दिया उन्होंने सदस्यता अभियान का चौका? जिस भीड़ को जुटाने में किये थे पार्षद और उनके साथी ने रात-दिन एक? ये दोनों तो इनसे सदस्यता करा नहीं पाये? मगर भगवा कमिश्नर ने नहीं होने दिया यहां पर कोई भी री-टेक?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूं अंदर की बात? अगर आप अपना राजनीतिक भविष्य संवारना चाहते हैं तो इसका उपाय है हमारे पास? बस आपको जाना होगा भगवागढ़ के एक महानमंत्री के पास? सुना है उनके पास है एक ऐसा विद्वान चेहरा? जो निकाल देता है भविष्य का एक-एक हिसाब? राजनीति में सामने वाले को क्या मिलेगा श्रीमान? इसकी पूरी कुंडली का बनवा देंगे महानमंत्री प्रोग्राम? ये महानमंत्री रखते हैं संगठन में गंभीर किरदार? इनसे मुलाकात देगी आपके भविष्य को संवार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें बहुत अच्छी लगती है मिस्टर कूल उर्फ नाईस मैन उर्फ भाजपा कोषाध्यक्ष उर्फ समरकूल के चेयरमैन संजीव गुप्ता की किरदारी? उनके देशी और विदेशी टूर रहते हैं लगातार जारी? कभी स्पेन तो कभी ताशकंद तो कभी पकड़ते हैं वो दुबई की फ्लाईट? मैं चाहता हूं एक विदेश प्रकोष्ठ भी पार्टी को बना देना चाहिए? एक सदस्यता अभियान अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर चला देना चाहिए? इस प्रकोष्ठ का दे देना चाहिए गुप्ता जी को प्रभार? सच बता रहा हूं विदेश में भी वो कर देंगे कई भगवा चेहरे तैयार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि वैसे ही बैठे बैठे मेरे मन में आया ख्याल? आजकल एक्टिव नजर नहीं आ रहीं हैं नदिया पार की भगवा मैडम नागपाल? पार्टी की गतिविधियों में भी उनके नहीं हो रहे हैं दीदार? ऐसा लग रहा है जैसे अब पूरा फोकस उनका शैक्षणिक गतिविधियों के रथ पर हो गया है सवार? कहने वाले ने कहा बस इतनी सी बात पर खींच दो उनका ध्यान? थोड़ा शहर विधानसभा की ओर अपना रूख कर लें? पंजाबी चेहरे को टिकट मिलने की चर्चाएं यहां पर हो रही हैं आम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम के एक अधिकारी की गजब की है किरदारी? वो फूंक फूंक कर करते हैं सारी तैयारी? सुना है वो ठेकेदारों से करते हैं बाथरूम में मुलाकात? वहीं पर होती है सिस्टम से जुड़ी हुई सारी बात? कभी भी आपको उनके ऑफिस में नजर नहीं आयेगा ठेकेदारों का फेस? वो अधिकारी बहुत ही समझदार हैं? किसी के हाथ में नहीं थमाना चाहते अपना कमजोर केस?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।